संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 01 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, उम्मीद है मौजूदा संसद के आखिरी सेशन में ऐसे सांसद आत्म निरीक्षण करेंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 31 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## 63वीं जन्म जयंती



**बाधाएं आती हैं आएँ, घिरें प्रलय की घोर घटाएँ, पावों के नीचे अंगारे,**
**सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं, निज हाथों में हँसते-हँसते,**
**आग लगाकर जलना होगा। क़दम मिलाकर चलना होगा**

एक्शन इंडिया मीडिया समूह, मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स,
द प्रिंटिंग हब (सीटीपी यूनिट) के संस्थापक

# श्रद्धेय श्री राकेश भारद्वाज जी

## की जन्म जयंती पर कोटि - कोटि नमन

## 1 फरवरी 1961 - 14 नवंबर 2020

हम सब हर घड़ी, हर पल, हर क्षण, हर दिन आपके गरिमामयी, ओजस्वी और महान व्यक्तित्व को महसूस करते हुए आपके जन्मदिवस पर शत्-शत् नमन करते हैं। बीते तीन सालों में कोई क्षण ऐसा नहीं रहा, जब आपके होने का अहसास नहीं हुआ हो। आपके द्वारा आलोकित पथ पर सदैव अग्रसर रहने का संकलप लेते हैं।

### श्रद्धावनत

- गीता राकेश भारद्वाज
- रवि राकेश भारद्वाज
- दीपिका भारद्वाज
- अभिषेक शर्मा-रिचा शर्मा
- एश्वर्या भारद्वाज

दैनिक एक्शन इंडिया | RKB GROUP | MARUTi nandan printers

- एक्शन इंडिया मीडिया समूह
- द राकेश भारद्वाज मैमोरियल ट्रस्ट
- मारुतिनंदन प्रिंटर्स
- जन जागरण मीडिया समूह

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 01 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, उम्मीद है मौजूदा संसद के आखिरी सेशन में ऐसे सांसद आत्म निरीक्षण करेंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 31 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




### आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# 'राम मंदिर का सपना पूरा हुआ'

= सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ हुई

**बजट सत्र**

8 राष्ट्रपति ने आर्टिकल 370 तक का जिक्र किया। राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद का** बजट सत्र बुधवार (31 जनवरी) को शुरू हुआ। सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ हुई। यह नए संसद भवन में उनका पहला संबोधन था। राष्ट्रपति ने राम मंदिर से लेकर आर्टिकल 370 तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा- राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई। सत्र की शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, उम्मीद है मौजूदा संसद के आखिरी सेशन में ऐसे सांसद आत्म निरीक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के आखिर में कहा- राम राम। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक होगा। इसमें 8 बैठकें होंगी। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। बजट सत्र से पहले राष्ट्रपति लोकसभा और राज्यसभा को एक साथ संबोधित करते हैं। दोनों सदनों में उनका संयुक्त संबोधन अभिभाषण कहलाता है।

**बजट सत्र पश्चाताप का अवसर:** सत्र से पहले पीएम ने कहा कि सांसदों को सोचना चाहिए कि आखिरी 10 साल में उन्होंने क्या किया। बजट सत्र पश्चाताप का अवसर है। मेरा सभी सांसदों से अनुरोध है कि उत्तम से उत्तम परफॉर्म करें और इस मौके को जाने न दें।



### 'सीमा के गांव को पहला गांव बनाया'

**राष्ट्रपति** मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने ऐसे क्षेत्र की भी पहली बार विकास से जोड़ा है जो दशकों तक दशकों तक उपेक्षित रहे हैं। हमारी सीमाओं से सटे गांव को अंतिम गांव कहा जाता था। मेरी सरकार ने उन्हें देश का पहला गांव बनाया है। इन गांव के विकास के लिए काफी काम किया है।

**गरीबों को सस्ता राशन देने के लिए 20 लाख करोड़ रुपए खर्च किए:** राष्ट्रपति ने बताया कि सरकार ने उज्वला योजना पर 2.5 लाख करोड़ रुपए और गरीबों को सस्ता राशन देने के लिए 20 लाख करोड़ रुपए खर्च किए।

### 'सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन लागू किया'

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार ने वन रैंक वन पेंशन को भी लागू किया, जिसका इंतजार चार दशकों से था। ओआरओपी लागू होने के बाद अब तक पूर्व सैनिकों को लगभग 1 लाख करोड़ रुपए मिल चुके हैं। भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है।

**25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाए:** राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा– नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में, करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार, मेड इन इंडिया पर बल दे रही है।

## सीट शेयरिंग पर कांग्रेस-तृणमूल की बातचीत रूकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/कोलकाता**

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा है कि 28 विपक्षी दलों के गठबंधन-इंडिया में शामिल तृणमूल कांग्रेस और सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत रोक दी गई है। तृणमूल कांग्रेस के इंडिया से बाहर निकलने की अटकलों पर कांग्रेस ने खारिज किया है। कांग्रेस का कहना है कि विपक्षी दलों के गठबंधन में तृणमूल अभी भी बनी हुई है। पार्टी ने गठबंधन से बाहर निकलने की पुष्टि नहीं की है। दोनों पक्ष पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीटों को शेयर करने के फॉमूर्ले पर मंथन कर रहे हैं।

**टकराव की शुरूआत, रास्ते अलग होने की कयासबाजी:** बता दें कि कांग्रेस सूत्रों का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि लगभग हफ्ते भर पहले तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया था। हालांकि, ममता ने गठबंधन से बाहर निकलने के संबंध में कोई बयान नहीं दिया था।

## ज्ञानवापी: व्यास तहखाने में 30 साल बाद मिली पूजा की इजाजत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ज्ञानवापी** मामले में बुधवार को बड़ा फैसला आया है। वाराणसी जिला अदालत ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यास तहखाने में पूजा करने की इजाजत दे दी है। अब व्यास परिवार तहखाने में पूजा पाठ करेगा। सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करता था। ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यासजी तहखाना में पूजा की मांग को लेकर वर्षों से अदालती लड़ाई चल रही है। ताजा फैसले में बताया गया कि वादी हिंदू पक्ष ने बताया कि मंदिर भवन के दक्षिण दिशा में स्थित तहखाने में मूर्ति की पूजा होती थी। दिसम्बर 1993 के बाद पुजारी व्यासजी को इस प्रांगण के बेरिकेट वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया। इस कारण तहखाने में होने वाले राग-भोग आदि संस्कार भी रुक गये। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि इस बात के पर्याप्त आधार है कि वंशानुगत आधार पर पुजारी व्यासजी ब्रिटिश शासन काल में भी वहां कब्जे में थे। व्यासजी ने दिसम्बर 1993 तक वहां भवन में पूजा अर्चना की है। बाद में तहखाने का दरवाजा हटा दिया गया। हिन्दू धर्म की पूजा से सम्बन्धित सामग्री बहुत सी प्राचीन मूर्तियां और धार्मिक महत्व की अन्य सामग्री उस तहखाने में मौजूद हैं। हिंदू पक्ष ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने बगैर किसी विधिक अधिकार के तहखाने के भीतर पूजा दिसम्बर 1993 से रोक दी। हिंदू पक्ष ने अदालत से अनुरोध किया कि वह रिसीवर को नियुक्त करे जो तहखाने में पूजारी द्वारा पूजा किया जाना नियंत्रित करे और उसका प्रबंध करे। न्यायालय में 17 जनवरी 2024 को पारित एक आदेश में रिसीवर की नियुक्ति तो कर दी लेकिन तहखाने में पूजा-अर्चना के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया। हिंदू पक्ष ने अपनी दलील में कहा था कि तहखाने में मौजूद मूर्तियों की पूजा नियमित रूप से की जानी आवश्यक है। बुधवार को जिला जज की कोर्ट ने अपने एक आदेश में व्यासजी के तहखाने में पूजा की अनुमति दे दी।

### तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई

**ज्ञानवापी** स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया। तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई है। हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी कहते ने कहा व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार दिया गया है और कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है। वादी अधिवक्ताओं ने कहा है कि व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है।

## '32 हफ्ते का गर्भ खत्म नहीं कर सकती महिला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सर्वोच्च** न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को 32 हफ्ते से ज्यादा समय के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात को माना है कि इसे अब खत्म नहीं किया जा सकता है। छब्बीस वर्षीय महिला के पति की पिछले साल अक्तूबर में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 जनवरी के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने चार जनवरी के फैसले को वापस ले लिया था, जिसमें महिला को अपने 29 माह पुराने गर्भ को गिराने की अनुमति दी गई थी।



## मणिशंकर अय्यर को घर खाली करने का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर और उनकी बेटी सुरन्या अय्यर को दिल्ली के जंगपुरा स्थित अपना घर खाली करने का नोटिस मिला है। जो रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) ने भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर अभिषेक समारोह की निंदा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें। नोटिस में लिखा गया है कि आपको ऐसे अपशब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे शांति भंग हो सकती है और अन्य निवासियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। आप सोचते हैं कि आपने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा के विरोध में क्या गलत किया है, तो हम आपको सुझाव देंगे कि कृपया किसी अन्य कॉलोनी में चले जाएं, जहां लोग इस तरह की नफरत पर अपनी आंखे बंद कर सकते हैं। सुरन्या अय्यर ने 20 जनवरी को फेसुबक पोस्ट किया था।



**मांग**

8 राम मंदिर अभिषेक समारोह की निंदा करने वाली मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान टला बड़ा हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**बंगाल** में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। बुधवार को कटिहार में राहुल ने लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान अचानक ही भगदड़ मच गई, जिससे राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। इस हादसे में कांग्रेस नेता बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने राहुल गांधी की गाड़ी पर पथराव होने का दावा किया था। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'शायद भीड़ में किसी ने पीछे से पत्थरबाजी की। पुलिस बल इसकी जांच कर रही है। नजरअंदाज करने से बहुत कुछ हो सकता है। यह एक छोटी घटना है।



## चंडीगढ़ मेयर चुनाव परिणाम: सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप-कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव परिणाम के बाद से शुरू हुआ हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बुधवार को एलान किया है कि इस मामले में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट जाएगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव लोकतंत्र की हत्या का उदाहरण है। सीएम भगवंत मान ने कहा कि कल बजट आ रहा है। देखते हैं पंजाब को क्या मिलता है? चंडीगढ़ मेयर चुनाव परिणाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।



**यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन:** बुधवार को यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने चंडीगढ़ मेयर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच गहमागहमी भी हुई। यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने 'भ्रष्टाचार बंद करो' के नारे भी लगाए। कुछ देर बाद ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। उधर, आज यानी बुधवार को ही मेयर चुनाव में धांधली से जुड़ी याचिका पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस पर हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

**चुनौती**

8 हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया

## उत्तर प्रदेश के बजट सत्र में गूंजेगा राम का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**विधानमंडल** के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक अब एक फरवरी को दोपहर 12.30 बजे होगी। पहली फरवरी को ही सर्वदलीय बैठक से पहले सुबह 11.30 बजे विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। पहले यह दोनों बैठकें 31 जनवरी को प्रस्तावित थीं। विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। सरकार पांच फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश का बजट पेश करेगी इसके दृष्टिगत सर्वदलीय बैठक और विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक 31 जनवरी को प्रस्तावित थी। अयोध्या में उमड़े श्रद्धालुओं के जनसमुद्र को देखते हुए राज्य सरकार के मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या में दर्शन करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।



**क्रेडिट सेमिनार**

### मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया

## 'प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 34490 करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता योजना तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंक ने राज्य में उपलब्ध संसाधनों और बैंकिंग ढांचे के आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 34490 करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता योजना तैयार की है जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर-2024-25 भी जारी किया।



ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने लोगों के सामजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन कवर मिशन, मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा, मुख्यमंत्री विद्यार्थी योजना व स्टार्टअप इत्यादि अनेक कल्याण योजनाएं आरम्भ की हैं। उन्होंने बैंको से आग्रह किया कि इन योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए ऋ ण देने में अपना सक्रिय सहयोग दें ताकि किसान, बागवान तथा युवा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र ऋ ण प्रवाह पर जारी किए गए निदेशों के अन्तर्गत प्रदेश का कोई भी जिला क्रेडिट की कमी जिलों की श्रेणी में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि इन जिलों में ऋ ण प्रवाह सामान्य है परन्तु प्रदेश का ऋण व जमा अनुपात 36:39 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, ऊना, लाहौल-स्पीति व चम्बा में ऋ ण व जमा अनुपात लगातार 40 प्रतिशत से कम है जोकि चिंता का विषय है।

**नाबार्ड**

8 मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर-2024-25 भी जारी किया

## संसद भवन के गेटों पर एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गत वर्ष** 13 दिसंबर को हुए सुरक्षा चूक मामले में केंद्र सरकार ने संसद भवन परिसर में कई तरह के सिक्योरिटी बदलाव कर दिए हैं। अब मुख्य गेटों पर जांच पड़ताल के लिए दिल्ली पुलिस नहीं है। यह जिम्मेदारी, सीआईएसएफ को सौंपी गई है। सीआईएसएफ द्वारा संसद भवन में चेकिंग का तकरीबन वही तरीका अपनाया है, जो अमूमन एयरपोर्ट पर देखने को मिलता है। अब संसद भवन परिसर में प्रवेश करने से लेकर किसी भी सदन में पहुंचने तक कई जगहों पर प्रवेश पत्र दिखाना होगा। प्रवेश पत्र (स्मार्ट कार्ड) दिखाने के बाद बायोमैट्रिक पुष्टि होगी। उसके बाद ही किसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा।



सीआईएसएफ के अलावा संसद भवन परिसर में सादे कपड़ों वाली टीम (खुफिया ब्यूरो) की मौजूदगी को बढ़ा दिया गया है। संसद भवन की ओवरऑल सुरक्षा का जिम्मा पहले की भांति सीआरपीएफ के 'पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप' (पीडीजी) के पास है। बता दें कि गत वर्ष 13 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा की विजिटर गैलरी से एकाएक दो युवक कूद गए थे। उनमें से एक युवक ने अपने जूते से एक स्प्रे कैप्सूल निकाल कर सदन में धुआं फैला दिया। इससे सदन में अफरा-तफरी मच गई।

सुरक्षाकर्मियों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके दूसरे साथी संसद भवन परिसर के बाहर भी खड़े थे।

**सख्ती**

8 अब संसद भवन परिसर में प्रवेश करने से लेकर किसी भी सदन में पहुंचने तक कई जगहों पर प्रवेश पत्र दिखाना होगा

# 'हैप्पीनेस सेंटर में विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी खुश रहने के तरीके सीखेंगे'

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुवि में किया रेखी आनंद विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस के सहयोग से हैप्पीनेस सेंटर बनाया गया है, इस हैप्पीनेस सेंटर में विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी व आमजन खुश रहने के तौर तरीके सीख सकेंगे और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना भी सरलता से कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को केयू के मनोविज्ञान विभाग में स्थापित किए गए रेखी आनंद विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विद्यार्थियों को सेंटर के माध्यम से खुशी विज्ञान पढ़ाई जाएगी, जिसके माध्यम से तकनीकी दौर में तनाव मुक्त होकर युवा खुश मन से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य कर सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने इस सेंटर की स्थापना के लिए कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा, रेखी फाउंडेशन के प्रतिनिधि डॉ. किरणजोत सिंह व डॉ. प्रभलीन सिंह सहित इस सेंटर

**हैप्पीनेस सेंटर**

**8 मुख्यमंत्री लाल की सोच एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के कुशल नेतृत्व में यह केन्द्र स्थापित किया गया है**

की स्थापना में सहयोग देने वाली उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के कुशल नेतृत्व में यह केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र के माध्यम से शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से बाहर निकलने, कार्य के दबाव को कम करने, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विषम परिस्थितियों से बाहर निकलने व उनको खुशी-खुशी सुलझाने के तौर तरीके सिखाए जाएंगे ताकि वे एक बेहतर जीवन जीने के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भागीदारी कर सकें।मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो रोहतास सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन में हैप्पीनेस सेंटर को मनोविज्ञान विभाग में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस 2016 में डॉ. सतिंद्र सिंह रेखी और उनकी पत्नी हरप्रीत रेखी द्वारा अमेरिका में शुरू किया गया था, जिसका लक्ष्य विभिन्न विश्वविद्यालयों में हैप्पीनेस सेंटर को स्थापित करना है। सेंटर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों से लेकर सभी लोगों के जीवन में व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक जीवन में सुधार करना है

इस अवसर पर राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह, जिला उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान, कुलसचिव प्रो संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डॉ. किरणजोत सिंह, डॉ. प्रभलीन सिंह, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. रोहतास सिंह, प्रो. हरदीप लाल जोशी, प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. राजरतन, डॉ. आशू धवन, डॉ. आबिद अली, ओएसडी पवन रोहिल्ला, डॉ. जितेन्द्र जांगडा, एक्सईन पंकज शर्मा सहित शिक्षक मौजूद थे।

# रिले रेस में सिरसा व भिवानी ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** समग्र शिक्षा द्वारा द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित पहले पीएम श्री स्कूल खेल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। सभी वर्गों में रोचक मुकाबले हुए तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रिले रेस में लडकों के मुकाबले में सिरसा तो लड़कियों के मुकाबले में भिवानी जिला ने बाजी मारी जबकि 400 मीटर दौड़ स्पर्धा के लड़कियों के मुकाबले में जींद प्रथम रहा। गौरतलब तलब है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी ने मंगलवार को प्रतियोगिता का उदघाटन किया था। समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक संतोष शर्मा और मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी



नन्दन ने विजेता खिलाडिों को पुरस्कृत किया तथा पदक वितरित किए।

डीपीसी सन्तोष शर्मा ने विजेताओं को बधाई दी तथा सफल आयोजन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन व विभागीय कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीएम श्री स्कूलों की यह पहली राज्यस्तरीय स्पर्धा थी। भविष्य में यह आयोजन और विस्तार लेगा। खेलों के प्रति युवा पीढ़ी में बढ़ रहा रुझान प्रशंसनीय है। इन्हीं के माध्यम से देश को भावी खिलाड़ी व पदक विजेता प्राप्त होंगे। परिणामों की जानकारी देते हुए डीपीसी सन्तोष शर्मा बताया कि लडकों की चार गुना 100 रिले रेस में सिरसा ने पहला, करनाल ने दूसरा और फरीदाबाद में हिसार ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी स्पर्धा के लड़कियों के मुकाबले में भिवानी जिला की टीम ने पहला, सिरसा ने दूसरा,फतेहाबाद ने तीसरा और जींद ने चौथा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में जींद जिला पहले, सिरसा दूसरे, रेवाड़ी तीसरे और भिवानी चौथे स्थान पर रहा।

उन्होंने बताया कि ऊंची कूद स्पर्धा के लडकों की मुकाबले में कुरुक्षेत्र के अरमान ने पहला, रेवाड़ी के तुषार ने दूसरा तथा गुरुग्राम के दीपांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि लड़कियों की ऊंची कूद में भिवानी की ज्योति ने पहले, हिसार की ज्योति दूसरे और जींद की शीतल ने तीसरे स्थान पर रहीं। प्रभारी एपीसी प्रदीप कुमार ने बताया कि डिस्कस थ्रो स्पर्धा के पुरुष वर्ग में जींद के समीर ने पहले सिरसा के अरविंद ने दूसरा तथा पानीपत के शिवम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में चरखी दादरी की वंशिका ने पहला, जींद के रितु ने दूसरा तथा करनाल की किरण ने तीसरा स्थान हासिल किया। गोला फेंक स्पर्धा के पुरुष वर्ग में गुरुग्राम के विष्णु पहले, करनाल का अनुराग दूसरे तथा पानीपत का तमन तीसरे स्थान पर रहा जबकि इस स्पर्धा के महिला मुकाबले में रेवाड़ी की परमाक्षी ने पहला, दादरी की वंशिका ने दूसरा तथा सिरसा की रवीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# मुख्याध्यापक प्रजापती को कुर्सियां प्रदान किया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पंचायत समिति सदस्य कर्ण सिंह ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गोगपुर कुरुक्षेत्र को बच्चों की सुविधा हेतु एक सोलर पैनल इनवर्टर + डबल बैटरी 1 किलोवाट और 10 कुर्सियां मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार प्रजापती को प्रदान किया। पंचायत समिति सदस्य कर्ण सिंह ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की सुविधा हेतु जिस चीज की आवश्यकता पड़ेगी वह मुहैया करवा दी जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की है कि सभी छात्र पढ़ाई में अव्वल आने चाहिए , इसके लिए छात्र एवं अध्यापक खूब मेहनत करें ताकि विद्यालय जिले में नंबर एक स्कूल बन सके। विद्यालय के मुख्य अध्यापक सुरेंद्र कुमार प्रजापति एवं सभी अध्यापकों ने पंचायत समिति सदस्य कर्ण सिंह का आभार जाता है इस अवसर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य बाल कृष्ण सिंह , महेंद्र कुमार, कश्मीर सिंह , विकास, राजीव धवन , नरेश कुमार फुले, जतिन, रोहित कुमार (सरपंच), गुलाब सिंह ,श्रीमती पुनम एस. एम. सी. प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्य व एस.एम.सी. सदस्य मौजूद रहे।

# निरंकारी सादा शादियाँ दिव्य युगल के सान्निध्य में 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**आशीर्वाद**

**8 नव विवाहित वर-वधूओं को सतगुरु माता जी ने गृहस्थ जीवन को भक्ति के साथ जीने का आशीर्वाद प्रदान किया**



**टीम एक्शन इंडिया नागपुर, 31 जनवरी ( कुलदीप सिंह )** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में मिहान के निकट, नागपुर में 57वें निरंकारी संत समागम के स्थल पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 45 युगल परिणय सूत्र में बंधे।

नव विवाहित वर-वधूओं को सतगुरु माता जी ने गृहस्थ जीवन को भक्ति के साथ जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने के लिए उनके परिवारों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारम्परिक जयमाला के साथ निरंकारी विवाह का विशेष चिन्ह सांझा हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। लावों के दौरान सतगुरु माता जी एवं राजपिता जी ने वर-वधू पर पुष्प-वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर-वधू के सम्बधित परिजनों एवं साध संगत ने भी पुष्प-वर्षा की। निश्चित रूप से यह एक आलौकिक दृश्य था।

आज के इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के अतिरिक्त भारत के विभिन्न राज्यों से कुल 45 युगल सम्मिलित हुए जिनमें मुख्यतः महाराष्ट्र के नागपुर, वडसा, मुंबई, अहमदनगर, छत्रपती संभाजी नगर, चिपलून, धुले, डोंबिवली, जालना, कोल्हापुर, नाशिक, पालघर, पुणे, सोलापुर आदि स्थानों के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, चंडिगढ़, हरियाणा एवं ओडिशा आदि राज्यों के वर-वधूओं का समावेश था।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी सहित तीन को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी को बहकाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म व मुख्य आरोपित की मदद करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों में घटना के समय एक आरोपित नाबालिग था। उसे भी बराबर सजा दी गई है। अदालत ने प्रत्येक पर 1.55 लाख रुपये का जुमार्ना किया है। प्रत्येक की जुमार्ना राशि में 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है।

खरखौदा थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 2 मार्च, 2021 को पुलिस को बताया था कि उनकी करीब 17 साल की बेटी 1 मार्च, 2021 की रात को घर में सो रही थी। सुबह उठे तो बेटी गायब मिली थी। जिस पर उन्होंने पता किया तो जानकारी मिली थी कि उनकी बेटी को गांव में किराए पर रहने वाला अंकित बहकाकर ले गया है।

# चोरी व लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, सीआईए-1 की बड़ी कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवम चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 29 जनवरी 2024 को सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना सदर में दर्ज लूट के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी रमेश कुमार



उर्फ काला उर्फ मोटा व प्रिंस निवासी शाहपुर को दिनांक 24 जनवरी 2024 को गांव बाडा में स्थित शराब के ठेके पर की गई लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया है जिनसे वारदात में प्रयुक्त चाकू व मोटरसाईकिल बरामद की गई है। आरोपियों ने जिला अम्बाला में लूट की 6 व जिला कुरूक्षेत्र में 1 वारदात करने बारे बतलाया है। आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश कर 03 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। मामले में अनुसंधान जारी है।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री अमित कुमार निवासी गांव बाड़ा ने 24 जनवरी 2024 को थाना सदर अम्बाला में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 जनवरी 2024 को गावँ बाडा में स्थित शराब के ठेके में घुस कर अज्ञात आरोपियों ने चाकू दिखाकर गल्ले से नकदी, मोबाईल फोन व दारू की बोतल लूटी है। इस शिकायत पर पुलिस ने थाना सदर अम्बाला में मुकदमा नम्बर 25 दिनांक 24 जनवरी 2024 आईपीसी की धारा 392 के अर्न्तगत मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# ल्युनाव में 10 लोकसभा सीटें जीतेगे: विज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में हम हरियाणा की 10 लोकसभा सीटें जीतेगे। उन्होंने कहा कि हमारी सेना हमेशा फील्ड में रहती है और ये कभी भी बैरकों में नहीं जाती है। विज मीडियाकर्मियों द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए खोले गए कार्यालयों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से तैयार है और इसलिए गत दिवस राज्य में 10 लोकसभा चुनावों के लिए कार्यालयों का उदघाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि उससे पहले की जो तैयारी करनी होती है और उसके लिए हमारे कार्यकर्ता हमेशा ही तैयार रहते हैं। विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुडडा के ब्यान की भाजपा-जजपा की सरकार ने हरियाणा को अपराध की राजधानी बना दिया है, के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री विज ने कहा कि हुडडा साहब को जब से ईडी ने बुलाना शुरू किया है।

# कमी हमेशा जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदो में होती है: संदीप

## हम लोग भावनाओं व प्रलोभन में बहकर गलत प्रतिनिधि को अपना नेतृत्व करने का कार्य सौंप देते हैं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने लाडवा के अम्बेडकर चौंक के आसपास के दुकानदारों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा की कमी किसी भी सरकार में नहीं होती, कमी हमेशा जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदो में होती है। उन्होंने कहा कि हम लोग भावनाओं व प्रलोभन में बहकर गलत प्रतिनिधि को अपना नेतृत्व करने का कार्य सौंप देते हैं। जिसके कारण हम लोग बाद में पीछे रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सही समय पर सही नुमाइंदे को वोट देकर विधानसभा में भेजने का जनता काम करें तो लोगों के सभी काम



होंगे और लाडवा हल्का दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि अब जो 2019 में लोगों ने अपना वोट देकर प्रतिनिधि चुना था वह सभी के सामने है कि लाडवा हल्के में कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अब 2024 के विधानसभा चुनाव में ऐसे प्रतिनिधि को वोट देकर विधानसभा में भेजने का काम करें। जो विधानसभा के अंदर जनता की मांगे व बातें उठाकर उनका समाधान कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार कभी भी अपने कार्यकाल में किसी भी विधानसभा में कार्य करवाने से पीछे नहीं रहती, हमेशा ही जनता की सेवा व उनके कार्य पूरे करवाने में लगी रहती है। परंतु जब प्रतिनिधि ही कमजोर हो तो काम कैसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब आने वाले विधानसभा में सही प्रतिनिधि देखकर ही अपने वोट का प्रयोग करें ताकि वह लाडवा हल्के का विकास करवा सकें। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा करवाए ए जनहित के कार्य किसी से छुपे हुए नहीं है और आगे भी उनके द्वारा निरंतर कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा व विधानसभा चुनावों में ऐसे प्रतिनिधि को वोट देकर लोकसभा या विधानसभा में भेजने का काम करें।

# शव सम्मान विधेयक को मंजूरी देकर भाजपा ने जनता को धरने व प्रदर्शन के अधिकार से वंचित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई कैबिनेट की बैठक में शव सम्मान विधेयक को मंजूरी देकर भाजपा ने जनता को धरने व प्रदर्शन के अधिकार से वंचित कर दिया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने इस विधेयक की मंजूरी का पुरजोर विरोध किया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपनाकर लगातार जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। अब इसी कड़ी में शव सम्मान विधेयक लागू करके आम जनता पर कुठाराघात किया गया है।

एडवोकेट खोवाल ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी गरीब या असहाय का मर्डर करने पर जब न्याय नहीं मिलता तो उसके परिजन मजबूरीवश शव को रखकर प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग करते थे। इसी भांति चिकित्सकीय त्रुटि के कारण मौत होने पर भी न्याय के लिए परिजनों को धरना व प्रदर्शन का अधिकार था लेकिन अब इस नए विधेयक को कैबिनेट में मंजूरी मिलने से न्याय की मांग करने वाले लोगों का अधिकार ही छिन गया है।

अब यदि न्याय की मांग को लेकर कोई पीड़ित शव रखकर धरना व प्रदर्शन करेगा तो उसे 6 महीने से लेकर 5 साल तक की कैद और एक लाख रुपये जुमार्ना का प्रावधान कर दिया गया है।

# बीए इकोनॉमिक्स में भाविका ने यूनिवर्सिटी में टॉप किया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** भाविका गुप्ता ने बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स में यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा रितिका ने आठवां, ट्वींकल ने दसवां, लिविया ने 11वां और रिशू ने 12वां स्थान हासिल किया। इनमें चार छात्राएं एवं एक छात्र है। पाइट एनसीआर कॉलेज के पांचों छात्र-छात्राओं को कॉलेज परिसर में सम्मानित किया गया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि इकोनॉमिक्स क्षेत्र में अगर आपकी रूचि है तो इसमें सफलता की बेहद ज्यादा



संभावनाएं हैं। अर्थशास्त्री डाटा बेस के आधार पर कई धाराणाओं को सामने लाते हैं। इनके एनालिसिस की मदद से कोई भी देश तरक्की कर सकता है। पाइट एनसीआर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज ने बताया कि इससे पहले उनके छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया है। इस दौरान विभाग की अध्यक्ष पारूल मिश्रा भी मौजूद रहीं।

# डायलेक्ट ने भारत में नई हाई-प्रेशर वॉशर रेंज पेश कर ऑटो एक्सेसरी में इनोवेशन का नया दौर शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

डायलेक्ट, इनोवेटिव इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण उद्योग की अग्रणी कम्पनी, ने आज भारत में हाई-प्रेशर वॉशर रेंज पेश करने की घोषणा की। इसका काफी समय से इंतजार था। प्रेशर वॉशर रेंज में कम्पनी के 4 प्रोडक्ट पेश किए गए हैं - डायलेक्ट अल्ट्रा क्लीन, डायलेक्ट अल्ट्रा फ्लो, डायलेक्ट अल्ट्रा फोर्स और डायलेक्ट अल्ट्रा पावर जिनकी कीमत क्रमशः 4999 रुपये, 4999 रुपये, 8999 रुपये और 5999 रुपये हैं। ये प्रोडक्ट आप ढ्ढंवदण्पद से खरीद सकते हैं। यह ब्रांड के लिए बड़ी उपलब्धि है जो ऑटो एक्सेसरीज उद्योग के मिड-प्रीमियम सेगमेंट में कदम रखते हुए ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता के प्रोडक्ट की बड़ी रेंज दे रहा है। डायलेक्ट ने हाई-प्रेशर वॉशर की नई रेंज पेश कर

**इनोवेटिव**

**8 अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण ब्रांडों में एक मिसाल के तौर पर पेश डायलेक्ट आपकी जिन्दगी में टेक्नोलॉजी का नया मानक है। जैसे मिनिमलिस्ट डिजाइन, इनोवेशन की ताकत इसलिए इससे न सिर्फ आपका दैनिक काम-काज आसान होगा**

भारत में अपने ग्राहकों के वाहनों के मेंटेनेंस बेहद आसान करने की जोरदार तैयारी की है। डायलेक्ट के हाई-प्रेशर वॉशर में आधुनिक सुविधाएं और अत्याधुनिक तकनीक है। ये हर तरह के वाहनों के जोरदार और कारगर साफ-सफाई का विशेष अनुभव देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। डायलेक्ट रेंज कारों से लेकर मोटरसाइकिलों तक हर तरह के वाहनों की बेहतरीन साफ-सफाई के साथ इस काम में सुविधा और सक्षमता का विश्वास दिलाती है। यह विश्वस्तरीय गुणवत्ता के मानकों पर खरा सोने की तरह है, इसलिए दूर-दूर तक इसका कोई मुकाबला नहीं है। डायलेक्ट रेंज का प्रत्येक प्रोडक्ट कठिन परीक्षण के दौर से गुजरता है इसलिए काम में अव्वल, टिकाऊ और सुरक्षित है। उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को लेकर बाजार में डायलेक्ट की बड़ी प्रतिष्ठा है। ऑटो प्रेमी और प्रोफेशनल सभी इस पर भरोसा करते हैं। डायलेक्ट के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री अनुज भाटिया ने कहा, भारत में हमारी हाई-प्रेशर वॉशर रेंज लॉन्च करना और हमारे लिए अहम सभी ग्राहकों को कैटेगरी में सबसे अच्छी ऑटो एक्सेसरीज उपलब्ध कराना बहुत खुशी की बात है। डायलेक्ट में हम इस विश्वास से काम करते हैं कि सभी सीमाओं से आगे निकलना है, इस उद्योग में कुछ नया करना है और ग्राहकों को उम्मीदों से अधिक देना देना है। हम ने विश्वस्तरीय गुणवत्ता पर खरा उतरने की ठान रखी है इसलिए हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहकों को प्रोडक्ट के काम और इससे सुविधा का अभूतपूर्व अनुभव मिलेगा।

उन्होंने बताया, अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण ब्रांडों में एक मिसाल के तौर पर पेश डायलेक्ट आपकी जिन्दगी में टेक्नोलॉजी का नया मानक है। इसमें तमाम अन्य खूबियां हैं जैसे मिनिमलिस्ट डिजाइन, इनोवेशन की ताकत इसलिए इससे न सिर्फ आपका दैनिक काम-काज आसान होगा बल्कि आपकी जिन्दगी आसान हो जाएगी। इस उद्योग में हमारी एक अलग पहचान है क्योंकि ऑटो एक्सेसरीज की हमारी यूनिक रेंज में सभी आवश्यक उत्पाद हैं जिनके साथ हम सभी स्मार्ट, टेक-सैवी ऑटो प्रेमियों का भरोसा जीत रहे हैं, जो सस्टेनेबलिटी के लिए कुछ खास प्रोडक्ट लेने में विश्वास रखते हैं। आने वाले समय के लिए डायलेक्ट की अन्य दिलचस्प योजनाएं भी हैं। कम्पनी की पाइपलाइन में विविधता के साथ अभूतपूर्व ऑटो एक्सेसरीज हैं। ब्रांड की दूरदृष्टि ग्राहकों के अनकुल ऐसे प्रोडक्ट पेश करने की है जिससे ड्राइविंग एक आनंददायक अनुभव हो और आधुनिक वाहन रखने वालों की बढ़ती जरूरतें भी पूरी हों।

# न्यूज फ्लैश

## चिरायु हरियाणा योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं नागरिक : अनीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से आयुष्मान भारत के तहत चिरायु हरियाणा योजना का विस्तार किया गया है, जिसके तहत ऑनलाइन आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा 1.80 लाख से 3 लाख तक की वार्षिक आय वाले नागरिकों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया गया है और अब ऐसे लोग भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने के हकदार हैं। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को 1500 रुपए सालाना प्रीमियम अदा करना होगा। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति जिनकी आय 1.80 लाख से 3 लाख सालाना के बीच है, वे सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या नजदीकी सीएससी सेंटर के माध्यम से या अपने मोबाइल से पोर्टल पर स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

## 35 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग

**हिसार**
**लगभग 35 साल** की सेवा के उपरांत हिसार के जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त सचिवालय स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। कुलदीप सिहाग ने 1988 में शिक्षा विभाग में गांव जाखोद खेड़ा से बतौर लेक्चर ज्वाइन किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान लेक्चरर के पद पर सिरसा जिले के रिसलिया खेड़ा व हिसार जिले के गांव जाखोद खेड़ा में सेवाएं दी। इसके उपरांत प्रधानाचार्य के पद पर रहते हुए उन्होंने बास व धीरणवास में अपनी सेवाएं दी।

## चंडीगढ़ में सरस मेले के दौरान बिछेगी देवभूमि हिमाचल की समृद्ध संस्कृति

**चंडीगढ़ :** हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से 1 फरवरी से 12 फरवरी तक सेक्टर 34 स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का लक्ष्य आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश के लगभग 44000 सेल्फ हैल्प ग्रुप्स में संगठित साढे तीन लाख से



अधिक ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। मेले के दौरान इन महिला लघु उद्यमियों के हस्त निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करना है। इस बारह दिवसीय मेले का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश सरकार में ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह एक फरवरी को करेंगें। गत वर्ष यह आयोजन मनीमाजरा स्थित कलाग्राम में किया गया था जिसमें लाखों की गिनती में चंडीगढ़ ट्राईसिटी के लोगों ने मेले का आनंद उठाया था। हर वर्ष की भांति इस सरस मेले में स्थानीय लोग और पर्यटक देवभूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पहाड़ी शिल्प कला का समर्थन और सराहना प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर है। सरस मेले की मुख्य विशेषताओं में लगभग एक सौ स्टाल हैं जिनमें पारम्परिक हथकरघा जैसे कुल्लू, किन्नौरी, पट्टी शाल, स्वेटर, लाहौली पुला और हस्तशिल्प उत्पाद जैसे चंबा का रुमाल, मंडी कलम, कांगड़ा पेटिंग्स, लकड़ी के नकाशीदार मंदिर प्रदर्शित होंगें। इसके अलावा मेले में पवर्तीय प्रदेश के 12 जिलों पारम्परिक व्यंजन जैसे पहाड़ी धाम, सिड्डू, लुशके, पटांडे, मोटे अनाज की मिठाई सहित अन्य व्यंजनों को परोसा जायेगा। इनके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये जायेंगें।

# सैशन जज और सीजेएम ने किया प्लेस ओफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण

### बाल कैदियों से वार्तालाप की और दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला** एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुश्री जसबीर कौर ने बुधवार को प्लेस ओफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वार्तालाप की और दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सैशन जज ने उनको परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में स्टाफ को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों-कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया, ताकि बच्चों-कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम-1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कुछ कैदियों-बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया। इस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्टाफ को उनके आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया, ताकि मामला संबंधित न्यायालयों के ध्यान में लाया जा सके।

उन्होंने अधीक्षक को विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और बच्चों-कैदियों के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

## गोदाम से तांबा तार और पीतल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। बर्गलेरी** स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी रामजीवन पुत्र मान सिंह और जतिन पुत्र राजू वासियान शिवाजी कॉलोनी हांसी रोड करनाल को नहर बाईपास करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान 27 किलो 500 ग्राम तांबा लोहा और 40 किलोग्राम तांबा तार और वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल की बरामद।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों ने 2 जनवरी को शिकायतकर्ता अरविंद मेहता वासी शिवाजी कॉलोनी हांसी रोड करनाल के गोदाम से पचास किलो तांबा तार और तांबा लोहा चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना शहर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि उन्होंने नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## हर घर-परिवार सूर्य नमस्कार अभियान शुरू : डॉ. अमित पुंज



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला आयुष** विभाग कार्यालय में हर घर-परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के सफल आयोजन को लेकर कार्यरत योग सहायकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. राजपाल की अध्यक्षता में यह मीटिंग ली गई। मीटिंग में हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने बताया कि हरियाणा योग आयोग पंचकुला तथा आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 1 से 20 फरवरी तक हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के आयोजन हेतु समस्त आयुष योग सहायकों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक योग सहायक द्वारा 6 गांव में सूर्य नमस्कार के विभिन्न प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इसमें सभी आयु वर्ग के लोगों को सूर्य नमस्कार के अभ्यास करवाए जाने हैं तथा सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, गांव, व्यायामशाला, आंगनबाड़ी, पंचायत घर इत्यादि सभी जगह यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## विभिन्न सामाजिक विषयों पर हुआ व्याख्यान, विद्यार्थियों को किया जागरूक

### पर्यावरण संरक्षण, साइबर अपराध, सडक सुरक्षा और नशे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। वे आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैमला में पहुंचे और एक दिवसीय 166वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 325 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।



डा. वर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक किया गया। सबसे प्रथम पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए क्यूबा देश का उदाहरण देते हुए बताया कि जब उस देश की अर्थव्यवस्था डगमगा गई और पर्यावरण दूषित हो गया तो इस समस्या से निपटने के लिए क्यूबा ने साइकिल की सवारी को प्रोत्साहित किया, जिससे कुछ समय में पर्यावरण शुद्ध हो गया और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो गई थी। आज सभी को साइकिल चलना चाहिए, क्योंकि साइकिल की सवारी सबसे न्यारी।

उन्होंने साइकिल के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि आओ छोटे बड़े सफर साइकिल से तय करें। ईंधन बचाएं पर्यावरण सुधारें और सडकों पर गाडि ?ं का बोझ कम करें। हमारे पूर्वजों को नहीं होता था कोई रोग, क्योंकि वे सदैव करते थे साइकिल का प्रयोग। इसके पश्चात उन्होंने साईबर ठगों से बचाव बारे जागरूक करते हुए कहा कि अपनी निजी जानकारी अन्य व्यक्ति के साथ सांझा न करें। सडक सुरक्षा बारे विस्तार से बात करते हुए बताया कि सडक के नियमों की अवहेलना भारी पड़ सकती है।

विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित और दूसरा अप्रतिबन्धित। दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष भारत में 17 लाख लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं।

## राजकीय स्कूल बड़सत की छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीएसपी** महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने राजकीय स्कूल बड़सत में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।

महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी



सावधान किया। टीम ने छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है।

**जागरूक किया**

**8 डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया**

निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। उन्होंने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट, आईपीसी की धारा 354 और 509 के बारे भी विस्तार से बताया। टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

## मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिलें बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विशाल उर्फ भोला पुत्र संदीप कुमार वासी गगसीना थाना मुनक को सेक्टर 16 करनाल से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चुराई गई दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी विशाल ने साल 2021 में थाना इंद्री के एरिया हर्बल पार्क से शिकायतकर्ता अश्वनी वासी शेखपुरा की मोटरसाइकिल और साल 2023 में थाना बुटाना के एरिया बैरशाल से शिकायतकर्ता अरुण वासी लाडवा की मोटरसाइकिल चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी के तहत थाना इंद्री में साल 2021 में और थाना बुटाना में साल 2023 में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी ने ये मोटरसाइकिल जल्दी पैसे कमाने के लालच में चोरी की थी। आरोपी विशाल को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गौ सेवा से दूर होता है बड़े से बड़ा कष्टः प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। भारत** विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से श्री राधा कृष्ण गौशाला में गुड व चारे की सेवा की गई। यह प्रकल्प शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल की अध्यक्षता में किया गया।



प्रियंका काठपाल ने कहा कि गऊ में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। गौ सेवा से हमारे पाप कम होते हैं और पुण्य अर्पित होता है। गाय की सेवा से सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, साथ ही परिवार को सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है। बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है।

उन्होंने बताया कि भाविप श्री राधा कृष्ण शाखा बहुत से सेवा व सामाजिक कार्य करती रहती है। तरह-तरह के सेवा के कार्य शाखा के द्वारा किए जा रहे हैं। इस प्रकल्प

## राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित हुई देश की महान हस्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में राष्ट्र रत्न अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया। समारोह में फिल्म अभिनेता अमन वर्मा एवं फिल्म अभिनेत्री खुशी चौधरी ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रणजोध सिंह ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में



राष्ट्रीय मुख्य निदेशक विशाल काठ, उत्तर प्रदेश के चेयरमैन गौरव गाबा व राष्ट्रीय निदेशक सुनील गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डॉ. निशा गुप्ता ने शिरकत की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा व डॉ. रणजोध सिंह ने सभी अवार्डीस को शुभकामनाएं दी।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए सम्पूर्ण भारतवर्ष में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन व मानवाधिकारों के लिए कार्य कर रहे देश के विभिन्न राज्यों की महान हस्तियों को राष्ट्र रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में विजय जैन, पवन शर्मा, संजीव सीकरी, विकास जैन, डॉ.गुरप्रीत कौर, जसबीर सिंह, कामिनी कौशल, नीरज कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, मोहम्मद खालिद, सुमन सूद, बिक्रम चौधरी, धनंजय प्रभाकर महात्रे, डॉ.जसवीर सिंह, हरमीत सिंह, इंदरजीत गाबा, योगेश

## बढ़ती उम्र की महिलाओं में फैल रहा है गर्भाशय का कैंसरः डॉ. श्वेता

### हर साल 16 हजार नए मामले आ रहे सामने, रोबोट-एडेड सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। बढ़ती** उम्र की महिलाओं में गभार्शा का कैंसर बढ़ रहा है। यदि समय रहते जांच न कराई गई तो मरीज की जान पर भी बन सकती है। इसलिए लक्षण दिखाई देते ही जांच कराएं, ताकि समय रहते ही उपचार शुरू हो सके। विशेषकर 45 की उम्र के बाद महिलाओं को सावधान होना चाहिए। वहीं इसमें राहत भरी बात यह भी है कि रोबोट-एडेड सर्जरी के माध्यम से इसका सफलतापूर्वक इलाज संभव है।

महिलाओं को जागरुक करते हुए करनाल में आयोजित एक सेमिनार में डॉ. श्वेता तहलान, कंसल्टेंट, गायनी ओन्को-सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली बताती हैं कि उन्होंने गर्भाशय कैंसर से पीड़ित दो महिला रोगियों का इलाज किया है, दोनों की उम्र 65 वर्ष से अधिक है, जिससे वे सर्जरी के तुरंत बाद अपने सामान्य जीवन में लौटने में सक्षम हो पाई हैं। पहले मामले में, मोटापे और कई मेडिकल समस्याओं से जूझ रही एक 73 वर्षीय महिला रजोनिवृत्ति के बाद योनि से रक्तस्राव, असामान्य योनि स्राव और पैल्विक दर्द के साथ फोर्टिस अस्पताल मोहाली में पहुंची। मेडिकल जांच एंडोमेट्रियल बायोप्सी और इमेजिंग से पता चला कि गर्भाशय का कैंसर उसके गर्भाशय तक ही सीमित था।

**इलाज**

**8 उम्रदाराज महिलाओं में यह कैंसर तेजी से फैलता है, लेकिन इसके लक्षणों से इसकी पहचान की जा सकती है**



डॉ. तहलान ने रोबोट-एडेड तकनीक के माध्यम से उनकी आमूल-चूल सर्जरी की। एक अन्य मामले में, एकल कार्यात्मक किडनी वाली करनाल की ही 67 वर्षीय महिला को गर्भाशय कैंसर का पता चला था। उसी ऑपरेशन के दौरान मरीज की गैर-कार्यात्मक किडनी को हटाने के साथ-साथ उनके गर्भाशय कैंसर के लिए आमूल-चूल सर्जरी की गई। दोनों सर्जरी रोबोटिक तकनीक से की गईं और मरीज को कम से कम निशान पड़े और रिकवरी भी आसानी से हुई। सर्जरी के अगले दिन मरीज चलने में सक्षम हो गया और जल्द ही उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई।

मामलों पर चर्चा करते हुए डॉ. तहलान ने कहा कि गर्भाशय कैंसर के मरीज आमतौर पर बूढ़े, मोटापे से ग्रस्त होते हैं और उन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग आदि जैसी मेडिकल समस्याएं होती हैं। रोबोट-एडेड सर्जरी के लाभों पर उन्होंने कहा रोबोटिक प्लेटफॉर्म सटीक सर्जरी, कम रक्त स्त्राव, कम से कम दर्द, कम घाव, कम समय में अस्पताल में रहना और तेजी से रिकवरी को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि उम्रदाराज महिलाओं में यह कैंसर तेजी से फैलता है, लेकिन इसके लक्षणों से इसकी पहचान की जा सकती है महिलाओं में अनियमित पीरियड रक्तस्राव और गंदे पानी का आना, इसके शुरूआती लक्षण हैं। जैसे यह लक्षण दिखाई दें तो उसकी तुरंत जांच कराएं।

## ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव का एसीएस ने किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। किसानों** को फसलों में ड्रोन से छिडकाव करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला के गांवशामगढ़ में बुधवार को कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल और निदेशक राजनारायण कौशिक ने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिडकाव का अवलोकन व निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 100 किसान मौजूद रहे।



अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ने किसानों से ड्रोन सिंचाई के बारे में विस्तार से वातार्लाप किया तथा किसानों से ड्रोन के इस्तेमाल बारे सुझाव मांगे तथा आश्वासन दिया कि भविष्य में इस बारे हरियाणा सरकार द्वारा और बेहतर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाई गई नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत प्रशिक्षित महिला किसान द्वारा मुख्य अतिथि को ड्रोन उड़ाकर दिखाया गया और महिला किसान से तकनीकी जानकारी बारे सुझाव मांगे गये। इस मौके पर इंडियन फार्मर्स फर्टिलाईजर को-ओपरेटिव लिमिटेड द्वारा जिला करनाल के प्रशिक्षित किसानों को ड्रोन के साथ बैटरीचालित टैम्पों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### नीरू भारद्वाज बनी नेहरू युवा केंद्र सलाहकार समिति की सदस्य



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**केन्द्रीय** युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा नीरू भारद्वाज को नेहरू युवा केन्द्र संगठन की जिला सलाहकार समिति की सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा में जिला महामंत्री,सोशल मीडिया विभाग प्रमुख जैसे अहम पद पर रहते हुए भी उन्होंने पार्टी को मजबूत करने का काम किया।
यह जिम्मेवारी मिलने पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व प्रीतम चौहान का आभार व्यक्त किया है। नीरू भारद्वाज ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का आभार व्यक्त करने के साथ ही उनका विश्वास दिलाया की मैं संगठन के कार्य को मेहनत और लगन के साथ करूंगी जिस विश्वास के साथ अध्यक्ष ने मुझे जिम्मेदारी थी। इस तरीके से मैं अपने कार्य पर खरी उतरूंगी यह मेरे बहुत सौभाग्य की बात है कि मुझे नेहरू युवा केंद्र संगठन में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### बागवानी व अन्य फसलों में नवीनतम तकनीकों को अपनाकर किसान कमा सकते हैं अधिक मुनाफाः प्रो. बीआर कांबोज

**हिसारः अमरूद उत्कृष्टता** केन्द्र, भूना में बुधवार को दो दिवसीय द्वितीय अमरूद एक्सपो का शुभारंभ किया गया। एक्सपो के शुभारंभ अवसर पर सीसीएस एचएयू, हिसार के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने मुख्यातिथि तथा बागवानी विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक डॉ. पीसी संधू ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस एक्सपो के प्रथम दिन लगभग 600 किसानों ने मेले में भाग लिया। इस दौरान केंद्र द्वारा अमरुद से संबंधित अपनाई जा रही तकनीकों का प्रदर्शन किया।
मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा बागवानी व अन्य फसलों पर नवीनतम तकनीकों से संबंधित खोज की जा चुकी है। यदि किसान उनको अपनाये तो खेती में आने वाली लागत को कम किया जा सकता है और अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। इसके अलावा सभी किसानों को जोर देकर यह कहा कि सभी किसान प्रोसेसिंग की तरफ ध्यान दें क्योंकि यदि वह अपनी फसल का कोई भी उत्पाद बनाकर बाजार में बेचेंगे तो इससे उनका लाभ अधिक होगा तथा अन्य के लिये भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। एक्सपो के दौरान चौधरी चरण सिंह, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किया गया जिसमें अमरूद की फसल व बागवानी की अन्य फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बागवानी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थान, उद्यमी, प्राईवेट कम्पनियों के लिए उनके उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 10 स्टाल की व्यवस्था भी की गई जिसमें विभिन्न सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थान, उद्यमी, प्राईवेट कम्पनियों द्वारा अपने-अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया गया तथा बागवानी विषय विशेषज्ञों द्वारा अमरुद फसल के प्रबंधन व उच्च तकनीकों के बारे में किसानों को जानकारी दी गई तथा किसानों को अमरुद फसल से संबंधित समस्यओं के समाधान बारे जानकारी दी गई। केंद्र के उपनिदेशक डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि केंद्र पर अमरुद की विभिन्न तरह की 16 किस्में लगाई हुई हैं जो कि सभी सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाकर व अलग-अलग दूरी जैसे कि 2&1 मीटर, 2&2 मीटर, 3&2 मीटर, 4&3 मीटर तथा 6&3 मीटर पर प्रदर्शित की हुई है जिसमें सबसे अच्छी दूरी 3&3 मीटर की पाई गई है। महिलाओं के स्वंय सहायता समूह (बवानिया एफपीओ, महेंद्रगढ़) द्वारा जो विभिन्न तरह के उत्पाद तैयार किये जाते हैं जैसे कि बाजरे के लडड्, बाजरे के बिस्कुट, दालों से तैयार किये गये विभिन्न प्रकार के उत्पाद, कैंडी, आचार व अन्य कई प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया तथा किसानों को एक संदेश दिया गया कि वह स्वंय भी अपना उत्पाद तैयार करे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसके अलावा अन्य किसानों व सरकारी विभाग द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

# पीआरपीसी में नराकास की 49वीं बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**नगर** राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), पानीपत द्वारा पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में 49वीं बैठक का सफलतापूर्वक एम एल डहरिया, अध्यक्ष, (नराकास) एवं कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, (पीआरपीसी) की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मंचासीन गणमान्यों में अध्यक्ष महोदय के साथ शोभना श्रीवास्तव, उपनिदेशक (राजभाषा), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय एवं तरुण कुमार बिसई, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) उपस्थित थे ।
इस अवसर पर पीआरपीसी के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे । कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं राजभाषा गीत से की गई । इस अवसर पर पानीपत स्थित नराकास के सभी 40 सदस्य कार्यालयों के प्रशासनिक प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में सर्वप्रथम नराकास के सदस्य सचिव आशुतोष चंद्र झा ने सभी का स्वागत करते हुए सदस्य कार्यालयों के राजभाषा छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। इसके साथ ही सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं, अभिनव प्रयासों को भी सबके साथ साझा किया गया । उत्कृष्ट हिन्दी कार्यान्वयन करने के लिए 3 बड़े व 3 छोटे कार्यालयों को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया जो क्रमशः इस प्रकार हैं : 1) केंद्रीय अद्योगिक सुरक्षा बल, इकाई आईओसी, प्रथम पुरस्कार, 2) इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, पानीपत आर सी ओ, द्वितीय पुरस्कार व 3), नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, तृतीय पुरस्कार, 4) केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, पानीपत, प्रथम पुरस्कार, 5) हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पानीपत रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय, द्वितीय पुरस्कार व 6) भारत संचार निगम लिमिटेड, तृतीय पुरस्कार । इसके अलावा मासिक आधार पर आयोजित सर्वोत्तम हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया ।
इस अवसर पर डहरिया ने हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विजेताओं को बधाई दी । अपने संबोधन में श्री डहरिया ने कहा कि नराकास पानीपत के सदस्य कार्यालय हिन्दी के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि नराकास सदस्य कार्यालयों ने हिन्दी कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है । उन्होंने जोर देकर कहा कि हम सब मिलकर आगे भी हिन्दी कार्यान्वयन को शत-प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अपने पूरे प्रयास करें।

## सडक हादसों में शिकार लोगों में सबसे अधिक युवा होते हैंः सुरेंद्र

**जागरूक**

**8 बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने हाथों में पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक किया**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन स्कूल में आज यातायात नियमों को लेकर जन जागरण अभियान के अतंर्गत कार्यक्रम का आयोजन आरटीए पुलिस तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर आरटीए पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र सैनी, आरटीए विभाग से हाईवे कोडीर्नेटर, अलका आरएसओ रमन मिड्ढा ने बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों ने हाथों में पोस्टर लेकर लोगों को जागररूक किया।
कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी मास के अंतर्गत स्कूल के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज रमन जैन के निर्देशन में किया गया। आरएसओ रमन मिड्ढा ने कहा कि बच्चों को ट्रिपल सवारी से बचना चाहिए। खुद हेलमेट पहन कर चलें और अपने अभिभावकों को प्ररित करें। हाइवे पुलिस से अलका ने कहा कि आज दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण लापरवाही है। यदि सभी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुक हों तो दुर्घटना में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि सडक हादसों के शिकार होने वालों में सत्तर प्रतिशत तीस साल से कम आयु वर्ग के लोग हैं।
इस अवसर पर डायरेक्टर बीना गुप्ता, प्रबंधक शीतल जैन, प्रिंसिपल तनूजा सचदेवा, रमन जैन, मोनिका, यचिका, विशाल, विजय भारती, कोमल, दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुए ओपन नैशनल ताइक्वांडो चैम्पियन शिप में रजत पदक विजेता प्रीति रायल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता अनिकेत रायल, कबड्डी में पदक विजेता नितिन, कौच कोमल मलिक आदि मौजूद रहे।

### झज्जर के सेक्टर-2 व 6 में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 2.84 करोड़

**झज्जरः बहादुरगढ़** शहर के सेक्टर-2 बुधवार में बुधवार को बरसाती नाला निर्माण व पार्कों के सौंदर्यीकरण कार्य की शुरूआत हो गई। सेक्टर-6 में नालों की मरम्मत व निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। इन दोनों कॉलोनियों में विकास कार्यों पर करीब 2 करोड़ 84 लाख रुपये खर्च होंगे। पूर्व विधायक नरेश कौशिक, चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा ने दोनों सेक्टरों में विकास कार्यों की शुरूआत नारियल फोड़कर की। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने इस मौके पर वार्डवासियों को बताया कि सेक्टर-2 में करीब 2 करोड़ की लागत से नाला निर्माण व विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण का कार्य होगा।

## 'कांग्रेस सरकार बनने पर ग्रामीण हलके के लोगों को देंगे मूलभूत सुविधाएं'

### कांग्रेस नेता महेंद्र कादियान ने गांव नांगल खेडी में चलाया घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत बुधवार को गांव नांगल खेडी में जन संपर्क अभियान चलाया और ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता महेंद्र कादियान के समक्ष अपनी कई समस्याएं रखी, जिन पर महेंद्र कादियान ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर ग्रामीण हलके के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी और हलके का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा। महेंद्र कादियान ने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार को जनता के हितों से कोई लेना देना है। भाजपा शासन में ग्रामीण हलका विकास कार्यो मे पिछड़ चुका है। इसलिये ग्रामीण हलका व प्रदेश की जनता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 10 वर्ष के कार्यकाल में करवाये गये विकास कार्यो व जनहित में लागू की गई कल्याणकारी नीतियों को याद कर रही है। वहीं महेन्द्र कादियान ने बुजुर्गो द्वारा पेंशन बढाने की मांग पर कहा कि चिंता न करो और कांग्रेस सरकार बनते ही सभी बुजुर्गो को 6 हजार रूपए मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं के महंगाई के सवाल पर कहा कि सभी को गैस का सिलेंडर 500 रूपए में दिया जाएगा और 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। कादियान ने युवाओं को भरोसा दिया कि उनको मेरिट के आधार पर पक्की नौकरी दी जाएगी और प्रदेश में कर्मचारियों के खाली पडे सभी पदों को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को 100-100 गज के प्लाट फ्री दिये जाएगे। इस अवसर पर दिलावर मलिक,सरवन कादियान, प्रदीप शर्मा,आजाद अहलावत, ईश्वर सहित भारी संख्या में ग्रामीण विशेषकर महिलाएं मौजूद रही।

### महिला का यौन शोषण करने के जुर्म दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**जींदः बुधवार** को एडीजे अमरजीत सिंह की अदालत ने महिला का अपहरण कर बंधक बनाने, यौन शोषण करने तथा गर्भपात करवाने के जुर्म में दोषी को दस वर्ष की कैद व साढ़े 21 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने की सूरत मे दोषी को एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार मूलतः सदर थाना नरवाना इलाके के गांव की रहने वाली एक महिला ने 24 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव डाटा हिसार निवासी मनोज उसके पिता का अच्छा दोस्त था। पिता की मौत के बाद मनोज का उसके घर आता-जाता रहता था। वर्ष 2014 में मनोज उसे नौकरी दिलाने का झांसे देकर उसे पंचकूला ले गया ओर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद से मनोज उसका काफी लंबे समय तक यौन शोषण करता रहा। जब भी वह मनोज का विरोध करती उसके साथ मारपीट की जाती। मनोज के कारण उसका वैवाहिक जीवन खराब हो गया। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मनोज के खिलाफ अपहरण करने, बंधक बनाने, यौन शोषण करने, गर्भपात करवाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था।

## विस अध्यक्ष भी पद की गरिमा का रखें ख्यालः गीता भुक्कल

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
**पूर्व** शिक्षा मंत्री एवं झज्जर से कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को भी अपने पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। उन्हें सदन में भाजपा का व्यक्ति बनकर काम नहीं करना चाहिए। वे बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। पूर्व मंत्री गीता भुक्कल ने विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के विधायक नीरज शर्मा के चोगा ओढ़कर सदन में न आने के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विस में मान मयार्दा रखनी जरूरी और विस अध्यक्ष को भी पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा को यही विस सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान प्रदान कर चुकी है। अब उनके तरीके को गलत बताना सही नहीं है। विधासभा के बजट सत्र को लेकर भी पूर्व मंत्री ने सरकार को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में सरकार पूरी तैयारी के साथ आए, विपक्ष भी मुद्दों के साथ सरकार को घेरेगा। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में लगे धांधली के आरोप पर गीता भुक्कल ने अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि चंड़ीगढ़ मेयर चुनाव में मजबूत लोकतंत्र का गला घोटने जैसा काम किया गया है।

### आयुष विभाग चलाएगा हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार अभियान

**हिसार (महेंद्र गोयल) : आयुष** विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में एक से 12 फरवरी तक हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जाएगा। अभियान की सफलता सुनिश्चित करते के लिए जिला आयुर्वेद अधिकारी डाॅ. धर्मपाल पूनिया ने आयुष योग सहायकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अगुवाई योग कोऑर्डिनेटर डॉ. बलराज द्वारा की गई।
जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया ने बताया कि हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार अभियान के दौरान विभिन्न स्कूलों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों में नियमित रूप से हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार का पंजीकरण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए योग सहायक अधिक-से-अधिक रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि इस हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार अभियान को सफल बनाया जा सके।

## सांप्रदायिक ताकतों से खतरा है गांधी के विचारों को : अशोक खुराना

**नुकसान**

**8 आज बापू का राम राज खतरे में हैं। इस राम राज को सांप्रदायिक ताकतें नुकसान पहुंचा रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। जिला** कांग्रेस (शहरी) के पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को अंहिसा और समानता का मार्ग दिखाया था। उन्होंने कहा कि आज बापू का राम राज खतरे में हैं। इस राम राज को सांप्रदायिक ताकतें नुकसान पहुंचा रही हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बापू की विरासत को बचाने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देगी। वह आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या जिन लोगों ने की थी, आज उसी विचारधारा के लोग उनके विचारों को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। विचार कभी मरता नहीं है। आज संविधान पर खतरा मंडर रहा है। कांग्रेस अपनी तरफ से हरसंभव संघर्ष कर रही है।
इस अवसर पवर अशोक खुराना, संतोष तेजान, प्रदेश सचिव अशोक काम्बोज, जिला प्रधान जागीर सैनी, सुनीता रानी, नील मल्होत्रा, सुमित वाल्मीकि, रमेश जोगी, राजपाल तंवर, रीना तोमर, जिले सिंह, सलीम खान, नरेंद्र कुमार जोगा, सोनी शर्मा, सोनू, रोविन कौशिकवेद प्रकाश अशोक डाची वाला आदि मौजूद रहे।

### सीएम की ओर से बिश्नोई सभा के लिए घोषित 21 लाख की राशि मंजूर

**हिसारः मुख्यमंत्री मनोहर** लाल की ओर से बिश्नोई सभा के लिए घोषित 21 लाख रुपये की राशि मंजूर हो गई है। मुख्यमंत्री ने विगत जन्माष्टमी के अवसर पर सभा को 21 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। बिश्नोई सभा हिसार के प्रधान जगदीश कड़वासरा ने बुधवार को यह राशि जारी करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के संरक्षक बिश्नोई रत्न कुलदीप बिश्नोई का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाने वाली इस राशि को सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा। बिश्नोई मंदिर हिसार में हाल निर्माण तथा अन्य कार्यों के लिए इस राशि के मिलने से सभा को बहुत सहायता मिलेगी।

## 'खट्टर सरकार ने प्रदेश का विनाश करने का ठेका ले लिया'

### खट्टर सरकार ने आतंक राज कायम करके जनता को बंधी बना दिया



**विसंगति**

**8 किसी भी प्रकार की कोई दिलचस्पी नहीं ली जिससे मजबूर होकर इन्हें 3 जनवरी से धरना देना पड़ा**

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**खट्टर सरकार** ने आतंक राज कायम करके जनता को बंधी बना दिया है। आज दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले 3 जनवरी से चल रहे धरने को पूर्व मंत्री विजेंद्र बिल्लू कादियान ने कांग्रेस पार्टी की ओर से अपना समर्थन देते हुए कहा ।आज कादयान ने कहा की हरियाणा में 3 जनवरी से सभी जिलों में पटवारी धरना दे रहे हैं । जिससे हरियाणा को राजस्व की हानी हो रही है । किसानों के काम बंद पड़े हैं विद्यार्थियों के विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र अटके हुए हैं।
सरकार ने आज तक भी अपने जारी किए हुए नोटिफिकेशन को सही तरीके से लागू नहीं किया जो की एक मुख्यमंत्री के लिए बेहद शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि अपनी ही नोटिफिकेशन को लागू न करना जनता में अविश्वास को दिखता है। कहीं ना कहीं सरकार की कमजोरी दिखाई देती है और तानाशाही भी हो रही है ।
कादियान ने कहा की जब पिछले साल से ही पटवारी और कानूनगो संगठन लगातार चंडीगढ़ जाकर के अपने अधिकारियों से मिलकर यह कहता रहा की वेतन विसंगति दूर कर दो नायब तहसीलदार के प्रमोशन के लिए विभागीय परीक्षा ले लो खाली पड़े पदों पर स्थाई भर्ती कर दो तो सरकार ने इनकी बात नहीं सुनी। किसी भी प्रकार की कोई दिलचस्पी नहीं ली जिससे मजबूर होकर इन्हें 3 जनवरी से धरना देना पड़ा।

## पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों का होगा सम्पूर्ण विकासः सचिन कुंडू

### ग्रामीण की गंगाराम कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी की जनहित नीतियों के बारे में लोगों को अवगत करवाया



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पूर्व मुख्यमंत्री** भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में "घर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस" अभियान के तहत्त हल्का पानीपत ग्रामीण की गंगाराम कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी की जनहित नीतियों के बारे में लोगों को अवगत करवाया` कांग्रेस जनता के मुद्दों पर बात कर रही है। हम उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गारंटी दे रहे हैं। यही कारण है कि जनसंपर्क के दौरान हमें लोगों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है।
सचिन कुंडू ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का मकसद केवल सत्ता पाना था। प्रदेश की भोली भाली जनता को झूठे वादे कर सत्ता में आ गए और जनता को किए वादे भूल गए।
आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है ।
वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, फैमली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं। प्रदेश के हर वर्ग में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर एकबार फिर से प्रदेश को खुशहाली व विकास की राह पर लौटाया जायगा। बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100झ100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा मजदूरों को पक्का करेंगे। कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर लोगों को पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर उनका हक दिलाएंगे। पानीपत ग्रामीण की समस्त कॉलोनियों में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। टूटी हुई सड़कों, खड्डे, सीवरेज, बंद नालियों, रास्तों पर भरा पानी, जगह जगह लगे गंदगी के ढेर जैसी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में सभी को सम्मान अधिकार दिए जायेंगे।

## जो ओपीएस बहाल करेगा वही देश पर राज करेगा : समुंद्र मोर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। पैंशन** बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की राज्य कमेटी सदस्य समुंद्र मोर, नारी शक्ति नेत्री पूनम चहल, जिला कोषाध्यक्ष वरुण शर्मा, इन्द्रवेश कलसौरा, खंड इन्द्री प्रधान मामराज पूंडरीक व नरिन्द्र कुमार की टीम प्रेमनगर स्थित लडके व लड़कियों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, प्राथमिक स्कूल, गांव दरड़, उचाना व रंबा के स्कूलों में पहुंची और 11 फरवरी को जींद में होने वाली पैंशन संकल्प महारैली का न्योता दिया।
प्रधानाचार्य संजीव कुमार सहित स्कूलों के स्टाफ ने टीम का जोरदार स्वागत किया। कर्मचारियों ने एक ही मांग एक ही नारा, ओपीएस अधिकार हमारा, त्यागो नींद, चलो जींद, 11 फरवरी जींद चलो, जो ओपीएस बहाल करेगा, वही देश पर राज करेगा, अभी तो ली अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई, की जोरदार नारेबाजी की।
पैंशन बहाली संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि पुरानी पैंशन समाप्त करके लागू की गई एनपीएस योजना कर्मचारियों के साथ सरासर धोखा है। यह पैंशन का निजीकरण किया गया है, जिसमें न तो सरकार का फायदा है और न कर्मचारी का। यह योजना निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बनाई गई है। एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को बुढ़ापा पैंशन से भी कम पैंशन मिल रही है। यह सालों सरकारी सेवा में मेहनत करने वाले कर्मचारियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पैंशन कर्मचारी के सम्मान और सुरक्षा का मसला है। इसको लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। कर्मचारियों की एक ही मांग है कि पुरानी पैंशन लागू कर दी जाए और एनपीएस योजना को खत्म कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी की जींद रैली कर्मचारियों की निर्णायक रैली होगी। उन्होंने कहा कि रैली में सभी सपरिवार हिस्सा लेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### भूमि सरकारी, भू माफिया बेचकर भर रहे जेब

**उद्यान प्रभारी ने एसडीएम को फिर सौपी सूची**

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उद्यान विभाग के बरसाना प्रभारी ने एसडीएम को एकबार फिर ऐसे अतिक्रमणकारियो की सूची सौंपी है, जिन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जा ही नहीं किया है, अपितु फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसको बेचा भी जा रहा है।

राजकीय भूमि खसरा न. 133 व 137 का मौजा बरसाना में स्थित है । इस भूमि को 1973 में देखरेख के उद्देश्य से उद्यान विभाग के सुपुर्द कर दिया था। उक्त भूमि पर पहले से ही कुछ लोग रह रहे थे। उनको विस्थापित नहीं किया गया। परिणाम यह हुआ कि इसकी आड़ में उक्त जमीन पर रह रहे लोगों ने जालसाजी कर कूटरचना शुरू कर दिया।

खाली जमीन को हड़पने लगे। विभाग मौन रहा। जब देखा कि धीरे-धीरे खाली भूमि कम हो रही है तो अधिकारियों की आंखे खुली। बीते दिन उद्यान प्रभारी कुमर सिंह ने एसडीएम को पुन शिकायत की,कहा-

उद्यान विभाग की खाली जमीन पर प्रीति पत्नी जयपाल , रतिराम पुत्र विरजो , मोहन श्याम पुत्र जग्गो व दिगंबर पुत्र सुघड़ सिंह , ब्रजभूषण पुत्र शेर सिंह , मुकेश पुत्र छोटेलाल निवासी वाल्मीकि मौहल्ला बरसाना ने 25.01.2024 को षड्यंत्र रचते हुए विभाग की राजकीय भूमि को कूट रचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय कर दिया है । ये लोग राजकीय भूमि पर रोपित पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। उद्यान अधिकारी ने एसडीएम से भूमि को दबंग भू माफियाओं से मुक्त कराकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल ने थाना आदर्श नगर में सीनियर सिटीजन, महिलाओं और आमजन को नशा व विभिन्न अपराधों के प्रति किया जागरूक,

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल ने 30 जनवरी को थाना आदर्श नगर में थाना क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों व सोसाइटी में रहने वाले सीनियर सिटीजन, महिलाओं और आमजन को यातायात नियम, साइबर अपराध, नशाखोरी व उसके दुष्परिणाम और सीनियर सिटीजनों के हकों के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर एसीपी राजेश लोहान, निरीक्षक माया देवी पुलिस सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज, थाना प्रबंधक आदर्श नगर निरीक्षक संजय सिंह व थाना की पुलिस टीम मौजूद रही। इस दौरान थानाक्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों में सुशील बिश्नोई, सीताराम चौधरी, भारतपाल सिंह, राम अवतार आर्य, राजदीप नेताजी, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह, धर्मवीर सिंह व अन्य वरिष्ठ नागरिक व क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे। महिलाओं में अनीता कुमारी, रामवती देवी मीना रानी, मधु, मुबीना, ममता पर अन्य कई महिलाएं भी मौजूद रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस लोगों को लगातार विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम करके लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है।

साइबर अपराध व उससे बचाव हेतू जानकारी-

इस दौरान डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल ने लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि वर्तमान समय में ज्यादातर लोग अपना अधिकतर समय इंटरनेट पर बिताते हैं और अपने ज्यादातर कार्य भी इंटरनेट के माध्यम से ही करते हैं। इसी वजह से साइबर अपराधी इंटरनेट पर हमारी छोटी सी चूक के इंतजार में बैठे रहते है। साइबर अपराधियों को थोडी सी भी चूक मिलने पर वह लोगों के खातों में से कुछ ही पल में सारी जमा पूंजी उडा लेते हैं। साथ ही लोगों को जानकारी दी गई कि हमें अपने साथ घटित होने वाले संभावित साइबर अपराध से बचाव हेतू बहुत ही सावधानियां बरतनी होंगी। हमें किसी भी व्यक्ति को अपनी निजी जानकारियां, बैंक डिटेल व ओटीपी आदि किसी भी व्यक्ति के साथ सांझा करने से बचना होगा। अज्ञात या फर्जी नम्बरों से आने वाले फोन कॉल्स से सावधान रहना होगा। किसी भी अज्ञात नम्बर से प्राप्त होने वाली कॉल्स को हमें नही उठाना चाहिए, अगर उठा भी लिया है तो उससे सतर्क रहना होगा। डायल 112 के बारे में जानकारी-

डीसीपी बल्लभगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिती में, दुर्घटना के समय या पुलिस मदद के लिए डायल 112 पर सम्पर्क करें। इसके अलावा पुलिस को किसी भी अपराधी, अपराध, संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु के बारे में जानकारी देने के लिए भी डायल 112 पर सम्पर्क करें।

# सीएम ने जनवरी 2023 में 50000 नौकरियां देने का वादा किया था : जगवीर हुड्डा

**निशाना साधा**

**8 सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा**



**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश संयुक्त सचिव जगवीर हुड्डा ने बुधवार को सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की भी लिस्ट जारी करें, नहीं तो प्रदेश के युवाओं से माफी मांगने का काम करें।

उन्होंने कहा सीएम खट्टर ने 6 जनवरी 2023 को एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि "वर्ष 2023 में ग्रुप सी और डी के लिए हम हरियाणा में 50,000 भर्तियां करने जा रहे हैं। प्रदेश वासी अपना विश्वास बनाए रखें और किसी के बहकावे में न आए।" उन्होंने कहा कि पूरा एक साल बीतने के बाद 50,000 तो दूर, सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की लिस्ट भी सार्वजनिक कर दें तो उनका बड़ा आभार होगा। ताकि प्रदेश के युवाओं को भी पता चलेगा कि सीएम खट्टर उनके लिए कितना कुछ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सोशल मीडिया ट्रॉल्स की टीम ने आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर टारगेट किया तो किसी ट्रॉलर ने अपने जवाब में कौन सी नौकरियां दी इसके बारे में जिक्र नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा में ऐसे शख्स के पास नौकरियां देने की जिम्मेदारियां आ गई है जिसे नौकरी का न भी नहीं पता। भाजपा सरकार को पहले ग्रुप सी की 32000 भर्तियां पूरी करनी थी जो कोर्ट में अटकी पड़ी है। भाजपा सरकार अब ग्रुप डी की साढ़े 13000 भर्तियां कर रही है। लेकिन जब ये साढ़े 13000 भर्तियां हो जाएंगी और कल को जब ग्रुप सी की भर्तियां करेंगे तो इनमें से 10000 बच्चे ग्रुप सी में सेलेक्ट होकर अपनी ग्रुप डी की नौकरी छोड़कर ग्रुप सी की नौकरी में चले जाएंगे और ग्रुप डी की पोस्ट वापस से खाली हो जाएंगी। यानी भाजपा सरकार ने जो साढ़े 13000 नौकरियों का दावा किया वो मात्र एक बेवकूफाना हरकत बनकर रह जाएगी। खट्टर सरकार बताए कि ऐसी भर्तियों का क्या मतलब है

उन्होंने कहा कि ये ग्रुप डी की भर्तियां भी तब मानेंगे जब खट्टर सरकार इस भर्ती को पूरा कर दे। क्योंकि अभी तक ऐसी एक भी भर्ती नहीं है जो कोर्ट में न अटके। अब हरियाणा सरकार ने 28 जनवरी को होने वाली वेटरनरी सर्जन की परीक्षा को रद्द कर दिया। उससे पहले न जाने ऐसे कितने केस हरियाणा की जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि क्या ऐसी अतार्किक भर्ती नीति किसी सरकार की हो सकती है

## श्रम विभाग ने सात बाल मजदूर किये चिन्हित

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बाल मजदूरी को लेकर न्यायपालिका और कार्यपालिका गंभीर है बाल श्रम उन्मूलन के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता रहा है

इसी क्रम में श्रम विभाग के मथुरा कार्यालय के द्वारा एक टीम गठित कर बाल श्रम उन्मूलन अभियान को चलाते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों से सात बाल मजदूरों को अब मुक्त कराया गया।

जानकारी के अनुसार शासन के निर्देश पर , जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा के निदेर्शानुसार सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल के नेतृत्व में बुधवार को बीएसए रोड,सौंख रोड, भूतेश्वर क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तो आर के मोटर्स, बाबा ऑटो रिपेयर, खंडेलवाल ट्रेडर्स , गोयल ऑटो पर काम करते हुए सात नाबालिक बच्चे पाए गए '

जिनमें से चार की उम्र प्रथम दृश्य 14 साल से कम पाते हुए उन बच्चों को रेस्क्यू कर टीम ने अपने संरक्षण में लिया तथा उनकी आयु परीक्षण हेतु अग्रिम कार्रवाई की गई।

टीम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राजेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस पी पांडेय, श्रीमती नीलम अवस्थी,प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह,बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र परिहार, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा उपस्थिति रही।

## एसजेवीएन ने श्री नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को गर्मजोशी से विदाई दी

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

श्री नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन को कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में एसजेवीएन परिवार द्वारा समारोह के दौरान गर्मजोशी से विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती गीता कपूर, निदेशक (कार्मिक), श्री ए.के. सिंह, निदेशक (वित्त), श्री सुशील शर्मा, निदेशक (परियोजनाएं) तथा एसजेवीएन कर्मचारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री नन्द लाल शर्मा हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) में अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री नन्द लाल शर्मा ने एसजेवीएन को भारत और विदेश में तीव्रता से विकास की ओर अग्रसर किया और वर्तमान में कंपनी के पोर्टफोलियो को 5200 मेगावाट से बढ़ाकर 59872 मेगावाट कर दिया है। उनके नेतृत्व ने कंपनी को विभिन्न शीर्षों जैसे हाइड्रो, थर्मल, सोलर, विंड, ट्रांसमिशन,



कंसल्टेंसी और पावर ट्रेडिंग के क्षेत्रों में विकास में सहायता की है। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी के शेयर मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रशासन और विद्युत क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, श्री शर्मा ने चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए एसजेवीएन को वर्ष 2026 तक 12000 मेगावाट के मिशन, 2030 तक 25000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50000 मेगावाट की स्थापित क्षमता के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया।

## 30 जनवरी को मनाया गया कुष्ठ निवारण दिवस

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप मे मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय कुमार वर्मा द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तदोपरात संकल्प एवं अपील के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

30 जनवरी राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं पखवाड़े की शुरूआत शपथ दिलाकर की गई।

## 80 हजार विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय हरियाणा के सरकारी स्कूलों में स्किल सब्जेक्ट पढ़ रहे दसवीं और बारहवीं कक्षा के 80 हजार विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा। यह मूल्यांकन 22 जिलों के 1248 स्कूलों में पहली फरवरी से शुरू होगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए 300 से भी ज्यादा प्रशिक्षित लोगों की टीम तैयार की है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस अभियान के लिए हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद के साथ अनुबंध हुआ है। इसके अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न स्कूलों में



दसवीं और बारहवीं कक्षा में स्किल सब्जेक्ट पढ़ने वाले 80 हजार 53 विद्यार्थियों के मूल्यांकन का जिम्मा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को मिला है। इनमें दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की संख्या 44 हजार 492 है, जबकि बारहवीं के 35 हजार 561 विद्यार्थी शामिल हैं। विशेषज्ञों की टीम प्रैक्टिकल असेसमेंट करेगी और विद्यार्थियों का सर्टिफिकेशन किया जाएगा। यह मूल्यांकन स्किल पर आधारित 15 सेक्टरों में किया जाएगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि यह मूल्यांकन नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के मानकों पर होगा।

# विधायिका ने महिला सशक्तिकरण व जागरूकता के प्रयासों को सराहा

**श्रेय**

**8 आईएमएसएमई आफ इंडिया को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल का गठन 15 साल पहले कर दिया।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका श्रीमति सीमा त्रिखा ने कहा है कि वर्तमान परिवेश में समाज, उद्योग और कारपोरेट क्षेत्र में जिस प्रकार महिलाएं अपना वर्चस्व स्थापित कर रही हैं वह निश्चित रूप से सामाजिक उत्थान का ज्वलंत उदाहरण है।




यहां प्रमुख औद्योगिक संगठन आईएमएसएमई आफ इंडिया के वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल की 15वीं वार्षिक आम सभा के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित महिला उद्योग प्रबंधकों व कारपोरेट जगत से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए श्रीमति त्रिखा ने कहा कि आईएमएसएमई आफ इंडिया को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल का गठन 15 साल पहले कर दिया। जोकि महिला साशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आईएमएसएमई आफ इंडिया के चेयरमैन श्री राजीव चावला की सराहना करते हुए श्रीमति सीमा त्रिखा ने कहा कि श्री चावला औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी तत्परता से कार्यरत है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल का गठन और उसकी सक्रियता है। वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल की प्रधान श्रीमति जया गोयल ने श्रीमति त्रिखा व उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि वूमैन सैल ने पिछले 15 वर्षों में महिलाओं के साशक्तिकरण तथा रोजगार के साथ-साथ उनमें आंत्रेप्यूनरशिप की भावना का विकास करने का कार्य किया है। सुश्री जया गोयल ने आईएमएसएमई आफ इंडिया के पैनल से महिला साशक्तिकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न सेमिनार, प्रोग्रैसिव प्रोजैक्ट, वर्कशाप आयोजित कर महिलाओं को वर्तमान परिवेश के अनुरूप जागरूक करने का जो बीड़ा उठाया गया उसमें पैनल सफल रहा है।वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल के संबंध में जानकारी देते हुए आईएमएसएमई आफ इंडिया के चेयरमैन श्री राजीव चावला ने बताया कि इस सैल का गठन इसी उद्देश्य से किया गया कि महिला प्रोफैशनल्स व उद्यमियों सहित वर्किंग वूमैन के समक्ष आने वाली चुनौतियों व समस्याओं पर फोकस केंद्रित किया जाए।

## नशा इंसान को बबार्दी की तरफ ले जाता है - पुलिस आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, 31 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद पुलिस के द्वारा नशा के प्रति लोगो को नुक्कड सभा, नुक्कड नाटक, नशा मुक्ति वैन से नशे से होने वाली हानि की फिल्म दिखाकर व लोगो के बीच जाकर जागरुक किया जा रहा है। माननीयः पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार, फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद मादक पदार्थ को पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य की देखरेख में आग के हवाले किया गया। जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत सहित गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में फरीदाबाद पुलिस थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम के द्वारा अवैध रुप से की जा रही नशा तस्करी में विभिन्न 114 मुकदमों में बरामद किए गए ड्रग्स को अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवा कर सुरक्षित तरीके से कानूनी प्रक्रिया के तहत आग के हवाले किया गया। इन मुकदमों में फरीदाबाद पुलिस के 114 मुकदमों में जप्त किया गया नशीला पदार्थ शामिल है। जिसमें गांजा के 90 व स्मैक, इंजेक्शन, हेरोइन, मेथमहेटामाइन ड्रग, गोलियां और कैप्सूल इत्यादि के 23 मुकदमें है। दर्ज किए गए 114 मुकदमों में 110 मुकदमे फरीदाबाद पुलिस तथा 4 मुकदमे जीआरपी के शामिल है।

## प्लेसमेंट सेल द्वारा दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के निर्देशन तथा श्री ललित कुमार (इंचार्ज प्लेसमेंट सेल) के संयोजन में 29 व 30 जनवरी को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी दुधौला, पलवल से श्रीमती मीनाक्षी कौल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थिति रही, जिन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व निर्माण, कर्तृत्व कौशल, अभिव्यक्ति कौशल, साक्षात्कार कौशल आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर ने भी अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किये तथा सभी को प्लेसमेंट सेल के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में की भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या: भाटी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद के सेक्टर-11 स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान लोकसभा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी, प्रदेश सह -सचिव राकेश भड़ाना, प्रदेश सह -सचिव प्रवेश मेहता,प्रदेश सचिव लीगल विंग्स दिनेश भारद्वाज,ब्लॉक प्रधान चौधरी चन्द्र पाल, ओबीसी जिलि उपाध्यक्ष देवराज गौर, रवि भड़ाना आदि ने कहा कि भाजपा की बेइमानी वीडियो में कैप्चर हो गई है। जबरदस्ती मेयर बनाना पूरी तरह से गलत



है। मसला यह नहीं कि मेयर किसका बनना चाहिए, चुनावों मे हार जीत लगी रहती है, कभी वो जितते है तो कभी हम, परंतु देश नहीं हारना चाहिए, देश जरूरी है। जनतंत्र नहीं हारना चाहिए, पार्टिया आती जाती रहती है, मेयर आते जाते रहते है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद चंडीगढ़ में चुनाव हुए जिसमें 13 आम आदमी पार्टी के पार्षद, सात कांग्रेस के और 15 भाजपा प्लस एक अकाली दल शामिल थे। इंडिया गठबंधन होने के चलते कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ हो गए, जिस हिसाब से 20 उनके पार्षद हो गए और 16 भाजपा के, इसके बावजूद भाजपा ने सभी मर्यादाओं का हनन करके अपना मेयर बना दिया। उन्होंने कहा कि आज मेयर के चुनाव में तो ये लोग रंगे हाथों पकड़े गए, ये वीडियो सामने आ गया। अभी तक देश में ना जाने कितने चुनावों में इन्होंने इस किस्म के फजीवाड़े किए होंगे, ना जाने कितने चुनाव इस तरह बेईमानी से जीते होंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिन दहाड़े बेईमानी करके भाजपा को जिता दिया गया। देश के लोकतंत्र के लिए ये गुंडागर्दी बेहद खतरनाक है।

# एसएसबी हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक हाइब्रिड प्रक्रिया ने बचाई व्यक्ति की जान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

एस.एस.बी. हार्ट एंड मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ने चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। गाजियाबाद के एक मरीज की जान बचाने के लिए एस.एस.बी अस्पताल ने पहली बार हाइब्रिड प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। महाधमनी विच्छेदन के टाइप ए के इलाज में पारंपरिक सर्जरी और एंडोवास्कुलर स्टेंटिंग को मिलाकर की गई यह प्रक्रिया बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। मरीज दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में दाखिल था जहां संतुष्टि न होने के कारण जब वह एस.एस.बी. अस्पताल पहुंचे



तो उन्हें सीने में दर्द, खतरनाक रूप से बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर और अचानक किडनी फेलियर की समस्या थी। जांच में पता चला कि उन्हें टाइप ए महाधमनी विच्छेदन हुआ था, जो जानलेवा स्थिति है। इस स्थिति का इलाज

**उपलब्धि**

**8 एस.एस.बी. हार्ट एंड मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ने चिकित्सा जगत में उपलब्धि हासिल की है।**

बेहद जटिल है क्योंकि न तो पूरी महाधमनी की सर्जरी संभव है, न ही पूरे महाधमनी में एंडोवास्कुलर स्टेंट ग्राफ्ट किया जा सकता है, क्योंकि इससे मस्तिष्क और दोनों हाथों की धमनियों में रक्त का प्रवाह रुक सकता है। इस जटिल परिस्थिति को देखते हुए अस्पताल के दो सीनियर डॉक्टरों - हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीप सिंह सिधू (मुख्य हृदय शल्यचिकित्सक) और डॉ. एस. एस. बंसल (एस.एस.बी. अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) ने मिलकर एक अनूठा समाधान निकालाः हाइब्रिड प्रक्रिया। इस प्रक्रिया में दो चरण शामिल थे।

पहले चरण में डॉ. सिधू ने महाधमनी विच्छेदन से पहले शुरूआती महाधमनी को मस्तिष्क और हाथों की धमनियों को बाईपास ग्राफ्ट से जोड़ा। इसके बाद दूसरे चरण में डॉ. बंसल ने महाधमनी में एंडोवास्कुलर स्टेंट लगाकर विच्छेदन को बंद कर दिया।

यह बेहद जटिल प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जो चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मरीज ने दोनों प्रक्रियाओं के बाद उल्लेखनीय सुधार दिखाया, जो इस बात का प्रमाण है कि हाइब्रिड प्रक्रिया जटिल महाधमनी विच्छेदन के इलाज में कितनी प्रभावी है। यह सफलता न केवल अस्पताल की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, बल्कि इसे गंभीर मामलों में अत्याधुनिक चिकित्सा इंटरवेंशन के लिए एक केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है।

चिकित्सा जगत इस उपलब्धि को जटिल हृदय रोगों के इलाज की उम्मीद के रूप में देखता है, और यह दिखाता है कि गंभीर से गंभीर समस्या के इलाज को संभव बनाया जा सकता है।

# आईएमए फरीदाबाद ने कोरोना से जान गंवाने वाले डाक्टरों को शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

कोविड-19 के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए कोरोना की चपेट में आकर अपने प्राणों की आहुति देने वालों चिकित्सकों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नीलम बाटा रोड स्थित मिलिनियम होटल में किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा मैं शहर के कई गणमान्य डॉक्टरों ने भाग लिया । इस मौके पर डाक्टरों ने शहीद हुए चिकित्सकों को याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया और कैंडल जलाकर उनके बलिदान को याद किया । इस मौके



पर शहीद हुए चिकित्सकों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। फरीदाबाद शहर की जनता को बेहतरीन इलाज व सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा मेमेंटोस,शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत, सम्मान अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आईएमए फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने स्वर्गीय डॉ अलोक गुप्ता , स्वर्गीय डॉ अर्चना भाटिया, स्वर्गीय डॉ संतोष ग्रोवर , स्वर्गीय डॉ आभा सबरवाल ,स्वर्गीय डॉ रेनू गंभीर को नमन करते हुए कहा की हम लोगों के बीच के कई डॉक्टर्स जिन्होंने जनता की सेवा करते हुए अपनी जान की प्रवाह नहीं की

# एसडीएम कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की टीम ने की छापेमारी

## एसडीएम कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरों की भी जांच की तो सभी 14 कैमरे चालू हालत में मिले

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**सीएम फ्लाइंग** की टीम ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय में छापा मारा। सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक श्रवण सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचते ही कर्मचारियों की हाजरी की जांच की तो अधिकतर कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले, लेकिन कुछ ही देर बाद काफी कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंच गए। जबकि चार कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आए। टीम ने चारों नदारद कर्मचारियों के नाम आगामी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दिए। टीम ने एसडीएम कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरों की भी जांच की तो सभी 14 कैमरे चालू हालत में मिले। इसके बाद टीम आरसी व लाइसेंस शाखा में पहुंची



तो वहां भी लाइसेंस क्लर्क ज्योति नदारद मिली। टीम लाइसेंस क्लर्क ज्योति के आने का इंतजार करती रही, लेकिन बाद में टीम को पता चला कि वह सोनीपत ट्रेनिंग पर गई हैं। जिस वजह से टीम आरसी व लाइसेंस से संबंधित रिकार्ड की जांच नहीं कर पाई। टीम में निरीक्षक श्रवण सिंह, उप निरीक्षक महाबीर, सहायक उपनिरीक्षक सतनारायण, हवलदार राजेश, खुफिया विभाग के उप निरीक्षक जयभगवान आंतिल, हवलदार सितेंद्र शामिल रहे।

**लगातार मिल रही थी शिकायतें:** सीएम फ्लाइंग को शिकायतें मिल रही थी कि गन्नौर एसडीएम डा. निर्मल नागर के गुड़गांव ट्रेनिंग पर जाने के बाद से एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी समय पर

**छापेमारी**

**8 ज्योति के आने का इंतजार करती रही, लेकिन बाद में टीम को पता चला कि वह सोनीपत ट्रेनिंग पर गई हैं**

ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहे और न ही लोगों के काम कर रहे हैं। सूचना के बाद सीएम फ्लाइंग टीम मौके पर पहुंची तो मौके पर मौजूद लोगों ने भी उन्हें एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों की शिकायत दी। लोगों ने बताया कि वह एसडीएम कार्यालय में आरसी लेने के कई बार चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं, कर्मचारी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि लाइसेंस क्लर्क ज्योति उन्हें आरसी के लिए बार-बार दौड़ाती हैं।

**तीन जिलों में की छापेमारी:** सीएम फ्लाइंग के डीसपी अजीत सिंह ने बताया कि शिकायतें मिल रही थी कि गन्नौर, पानीपत व करनाल में एसडीएम के ट्रेनिंग पर जाने के बाद से एसडीएम कार्यालयों में कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे हैं। जिस वजह से लोगों के काम नहीं हो पा रहे। शिकायत पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने तीनों जगहों पर छापेमारी की है।

गन्नौर में चार कर्मचारी गैर हाजिर मिले हैं जिनमें दो स्थाई व दो अस्थाई कर्मचारी हैं। छापेमारी में सामने आया है कि कर्मचारी लोगों के काम नहीं कर रहे हैं।

# बूंदाबांदी ने फिर कराया ठंड का एहसास

## रूरी होने पर ही घरों से बाहर निकले। बूंदे थमी तो सर्द हवाएं चलने लगी

**हीटर क सहारा**

**8 बूंदे थमी तो सर्द हवाएं चलने लगी। ठंड और बढ़ गई। घरों में लोग अलाव, हीटर क सहारा लेकर ठंड को दूर भगाया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बुधवार को हुई** बूंदाबांदी से ठंड फिर से बढ़ गई है। बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड की वजह से लोगों ने बाहर निकलने से गुरेज किया, क्योंकि लगातार बदल रहे मौसम से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकले। बूंदे थमी तो सर्द हवाएं चलने लगी। इससे ठंड और बढ़ गई। घरों में लोग अलाव, हीटर क सहारा लेकर ठंड को दूर भगाया। उधर बढ़ी ठंड व बूंदाबांदी गेंहू की



फसल के लिए फायदेमंद है। इस समय किसानों को गेंहू की फसल में पानी देने की जरूरत है। खंड कृषि अधिकारी डा. आनंद श्योराण ने बताया कि इस समय पहाड़ों में पड़ रही बर्फ के चलते मौसम में बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि गेंहू के लिए यह मौसम काफी फायदेमंद साबित होगा। कुछ किसानों ने देरी से गेंहू की बुआई की थी तो उन्हें भी बूंदाबांदी से फायदा होगा।

**न्यूज फ्लैश**

## डॉ नवीन नैन भालसी ने रक्तदान कर जन्मदिन को बनाया खास

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**डॉ** नवीन नैन भालसी ने हैदराबादी हॉस्पिटल पानीपत ठरड ग्रूप पानीपत के साथ मिलकर रक्तदान करके जन्मदिन को खास बनाया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज मेरे लिए बहुत ही खास दिन है,जिससे मेने नेशनल सोसल ऑर्गनाइजेशन (ठरड) के साथ मिलकर रक्तदान किया,सही मायने में किसी समय जरूरतमंद को जीवन दान करने के लिए दिल से खुशी होती है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि रक्तदान के बाद सेक्टर 25 मे आयोजित भगवत कथा में जाकर केक काटकर सभी श्रृदालुओं प्रसाद बाँटकर जन्मदिन को मनाया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने जन्मदिन पर आई शुभकामनाएँ पर सभी का दिल की अनन्त गहराइयों से बहुत बहुत आभार, धन्यवाद किया।

## एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड का आईपीओ 5 फरवरी, 2024 को खुलेगा

**नोएडा ।** एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड (द पार्क या कंपनी) सोमवार, 5 फरवरी 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश की बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इक्विटी शेयरों की इस कुल पेशकश का आकार रू 9,200 मिलियन [रू 920 करोड़] तक का है, जिसमें रू 6,000 मिलियन [रू 600 करोड़] तक का फ्रेश इशू और सेलिंग शेयरहोल्डर का कुल मिलाकर रू 3,200 मिलियन [रू 320 करोड़] तक का ऑफर फॉर सेल (बिक्री प्रस्ताव) शामिल है। (कुल ऑफर का आकार)। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 2 फरवरी, 2024 होगी। यह बोली/प्रस्ताव अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए सोमवार, 5 फरवरी 2024 को खुलेगी और बुधवार, 7 फरवरी 2024 को बंद होगी। पेशकश का मूल्य दायरा रू 147 से रू 155 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 96 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 96 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी ने इस इशू द्वारा जुटाई गई राशि का उपयोग, कंपनी के कुछ ऋण के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान और/या पूर्व-भुगतान और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों (इशू का उद्देश्य) के लिए करने का प्रस्ताव किया है।




ऑफर फॉर सेल में एपीजे प्राइवेट लिमिटेड (प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा रू 2,960.00 मिलियन [रू 296 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री, आरईसीपी क्ष पार्क होटल इन्वेस्टर्स लिमिटेड द्वारा रू230.00 मिलियन [रू23 करोड़] और आरईसीपी 4 पार्क होटल को-इन्वेस्टर्स लिमिटेड (इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा रू 10.00 मिलियन [रू 1 करोड़] तक की बिक्री शामिल है। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इशू के बुक रनिंग लीड मैनेजर या बीआरएलएम हैं

## अमेजन फैशन एंड ब्यूटी 'हर पल फैशनेबल' बनाने के लिए लेकर आया 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टाइल गाइड

**नोएडा।** जैसे-जैसे नया साल आगे बढ़ रहा है, तब यह पुरानी बातों को भूलने और अपने जीवन के साथ अपने वॉर्डरोब में एक नई शुरूआत करने का समय है। अमेजन फैशन पर नवीनतम ट्रेंड्स के बारे में पता लगाएं, जहां 1200 से अधिक ब्रांड्स के 45 लाख से ज्यादा स्टाइल आपका इंतजार कर रहे हैं। आपकी उंगलियों पर ऑन-ट्रेंड चीजों के लिए अमेजन फैशन आपकी वन-स्टॉप शॉप है। आप चाहे ऐश्वर्य और शाश्वत आकर्षण की खोज कर रहे हों, या बोल्ड जीवंत और साहसी स्टेटमेंट्स को पसंद करते हों, यहां एक स्टाइल है जो आपकी प्रतीक्षा कर रही है। गोल्डन पैराडाइजमें कदम रखें और सोने की चमक की तरह अपने रूप को निखारें। बारहमासी फूलों की शाश्वत सुंदरता को अपनाएं या ऑल-व्हाइटकी प्राचीन सुंदरता के साथ चमकें। मोनोक्रोमैटिक पहनावे के साथ रंग की कला में महारत हासिल करें, या उज्जवल ग्लिटरटी ट्रेंड के साथ अपने आंतरिक डिस्को दिवा को दुनिया के सामने उजागर करें। संक्षिप्त आकर्षण के स्पर्श के लिए, ग्लैम न्यूट्रल्स की आकर्षक दुनिया की खोज करें। अपने पैलेट में नियॉन का एक पॉप ऐड करें, या मनोरम वैम्प चिकके साथ अपने अंदर छुपे रहस्यों को उजागर करें।

# 'भगवान श्रीराम पूरे विश्व के लिए आदर्श चरित्र'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)रामायण** पूरे विश्व के लिए हमेशा एक आदर्श रहेगी। रामायण वर्तमान एवं आने वाले समय में पूरे विश्व को धर्म और नैतिकता पर चलने का मार्ग दिखाएगी। रामायण के ऐतिहासिक प्रमाण पूरे विश्व में विख्यात है जो यह दशार्ते है की मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारत के लिए नहीं अपितु पूरे विश्व के लिए आदर्श चरित्र है। संपूर्ण विश्व के लिए श्री राम पूजनीय है। यह विचार मॉरीशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम श्री हेमॅडॉयल डिलम सी.एस. के. ने दिल्ली स्थित मॉरीशस दूतावास में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र से एक शिष्टाचार भेंट में व्यक्त किये। उच्चायुक्त महामहिम श्री हेमॅडॉयल



डिलम ने मॉरीशस दूतावास पहुंचने पर मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र का भावपूर्ण स्वागत एवं अभिनन्दन किया।मातृभूमि सेवा मिशन परिवार की ओर से डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने उच्चायुक्त मॉरीशस को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट किया। उच्चायुक्त हेमॅडॉयल डिलम ने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मॉरीशस के आदर्श है। जब 22 जनवरी 2023 को श्रीअयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तो इस उपलक्ष्य में सम्पूर्ण मॉरीशस के राजकीय एवं गैर राजकीय कार्यालयों में प्रभु श्रीराम के सम्मान मे दो घंटे का अवकाश रखा गया था। भगवान श्रीराम के आदर्शो को आत्मसात करके भारत दुनिया की एक महाशक्ति बन सकता है। आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का निर्माण का मार्ग भगवान श्रीराम की शिक्षाओ में निहित है।मॉरीशस के जन जन का भारत के प्रति अगाध प्रेम है। भारत में राम लला के निर्माण से सम्पूर्ण मॉरीशस अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। उच्चायुक्त हेमॅडॉयल डिलम ने कहा रामायण जीवन जीने की संपूर्ण कलाओं को बुद्धि विवेक को जागृत करने की कल्याणकारी ग्रँथ है जिसमें सारे जीवन का सार छुपा हुआ है रामायण हमें धर्म के रास्ते पर चलना सिखलाती है।

# नशा सप्लायर को उत्तराखंड से गिरफ्तार कर लाई पानीपत पुलिस

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए** थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया की उनकी टीम ने बीते शनिवार को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए जाटल से बिंझौल रोड पर सुताना निवासी बाइक सवार नशा तस्कर निर्मल पुत्र चंचल सिंह को 124 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि वह चरस की तस्करी कर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहता था। आरोपी ने पूछताछ में उक्त चरस उत्तराखंड के हरिद्वार जिला के साजिद पुत्र यासिन से 16 हजार रुपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। बरामद चरस को कब्जा पुलिस में लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी निर्मल को रविवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी निर्मल की निशानदेही पर पुलिस ने नशा सप्लायर आरोपी साजिद को मंगलवार को उत्तराखंड के हरिद्वार से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी साजिद ने बताया की उसने निर्मल को चरस बेचकर हासिल की 16 हजार रुपए नगदी खाने पीने में खर्च दी।

# दूध के भाव को लेकर नेस्ले इंडिया के दूध सप्लाई एजेंटों में रोष

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
**बहुराष्ट्रीय** कंपनी नेस्ले इंडिया को दूध सप्लाई एजेंटों के बीच दूध के भाव को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।इसी कड़ी में मंगलवार को फिर कुछ किसान व दूध सप्लाई एजेंटों ने नेस्ले फैक्ट्री के गेट पर टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन किया ओर दूध के भाव नहीं देने का आरोप लगाते हुए रोष प्रकट किया। धरना प्रदर्शन कर रहे किसान नेत्रपाल व दूध सप्लाई एजेंट संदीप रावल ने बताया कि पहले भी कई बार दूध के भाव को लेकर अंदर मैनेजर से बात हुई थी जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेस्ले कम्पनी दूध मे फंगस बता रही है। जिसके कारण दूध नही लिया जा रहा। धरना प्रदर्शन में पानीपत व बापौली के 35-40 दूधिया व किसानों ने हिस्सा लिया,जिसमें किसान नेत्रपाल गढी भलोर ,संदीप रावल दूधिया एजेंट जलमाना, दलवीर बडोली, आदेश डाडोला, जयपाल नन्हेड़ा, नरेश बापौली, बलिंदर रिसपुर, वकील खेड़ा आदि ने काफी देर तक नेस्ले के खिलाफ नारेबाजी की। काफी देर बाद प्रदर्शनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कमेटी बनाकर अंदर अधिकारियों से मिलने गया। जहां नेस्ले अधिकारी अरविंद ने उन्हें दूध में अच्छा फैट पाने के लिए अपने पशुओं को अच्छा फीड व हरा चारा खिलाने का मशविरा दिया।

# पृथ्वी उ. बिजली निगम से हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज उत्तर बिजली निगम हरियाणा में लंबी एवं बेदाग सर्विस उपरांत पृथ्वी सिंह सैनी सेवानिवृत हुए। उन्होंने हमेशा अपनी ड्यूटी को समर्पण भाव के साथ निभाया। विभाग के सभी कर्मचारियों ने पृथ्वी सिंह सैनी की कार्यशैली की सेवानिवृत्ति के मौके पर उनकी खूब प्रशंसा की ।सभी ने कहा कि पृथ्वी सिंह सैनी विनम्र, सहनशील और मिलनसार छवि के धनी है ।सभी कर्मचारियों ने उनको एक अच्छे सहयोगी, अच्छे मित्र की तरह विभाग में कार्य करते हुए देखा है। सभी अधिकारी ने उनकी कार्यशैली की खुब प्रशंसा की। उनका पैतृक गांव बहादुरपुर है। गांव में भी सभी लोगों उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हैं।



सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में आसपास के काफी लोग शामिल हुए। गांव कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर सरदार बलदेव सिंह सैनी ने पृथ्वी सिंह सैनी की कार्यशैली एवं उनके व्यक्तित्व के विषय में कहा कि वास्तव में पृथ्वी सिंह सैनी का व्यवहार हम सबके लिए प्रेरणादायक है । कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की भगवान से प्रार्थना की। थानेसर के विधायक सुभाष सुधा के निजी सचिव एवं पृथ्वी सिंह सैनी के सुपुत्र रविंद्र सैनी ने सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह का ह्रदय से आभार एवं धन्यवाद किया।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बना राष्ट्र की बात : डॉ. अशोक

**कलानौरं** विधानसभा क्षेत्र के गांव माडौध्री के बूथ न 96 पर सुनी गई मन की बात, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि मन की बात अब जन- जन की बात हो गई है और यह अब राष्ट्र की बात बन गई है । प्रधानमंत्री मन की बात के माध्यम से देश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम करते हैं जिसमें खिलाड़ियों, पर्यावरणविदों, विद्यार्थियों और अन्यान्य क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व गणमान्य नागरिकों से बात भी करते हैं व उनकी उपलब्धियों से राष्ट्र को रुबरु भी करवाते हैं।

# फिम्स मे हुआ स्टेज-4 के अण्डकोष कैन्सर का पूर्ण ईलाज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुशल प्रबन्धन,** डाक्टरी महारत, आधुनिक यन्त्रों, उच्च स्तरीय तकनीक, दवाओं व ईश्वर की कृपा से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। ये सिद्ध किया है..फिम्स अस्पताल ने, जहां लगभग 50 वर्षीय एक ग्रामीण महिला रोगी को नाजुक स्थिति मे लाया गया था। रोगी का नियो-एडजुवेंट व टारगेटिड थैरेपी अमल मे लाकर ईलाज करने का निर्णय लिया गया। ये कैन्सर पेट तक फैल गया था। जो बच्चेदानी को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रहा था। इसी वजह से महिला रोगी के पेट मे सूजन थी और पानी भर गया था। जिस कारण से वो खाना नही खा पा रही थी। जांच कराई गई तो पता चला कि




उसको अण्डकोष का स्टेज-4 का कैन्सर हैं।

महिला के जीवन की इस विषम स्थिति को देखते हुए फिम्स के प्रसिद्ध कैन्सर रोग विशेषज्ञः डा0 सन्नी जैन की देख-रेख मे डाक्टरों का पैनेल गठित करके रोगी के ईलाज की कार्यशैली तय की गई। चूंकि महिला मे अण्डकोष का चौथी स्टेज का कैन्सर होना पाया गया था, अतः उसका तुरन्त ईलाज करना बेहद जरूरी था।

लम्बे समय तक चलने वाली कीमोथैरेपी की प्रक्रिया की मुसीबतों (बार-बार नस मे कैनुला आदि के दर्द) से निजात दिलाने के लिए रोगी के अन्दर एक स्थाई नली डाली गई जिसे कीमोपोर्ट कहते हैं। मरीज का पेट-स्कैन करवाया गया। सर्जरी के बाद रोगी को तीन चरणों मे कीमोथैरेपी दी गई। नियो-एडजुवेंट व टारगेटिड थैरेपी से ईलाज के दौरान जरूरत के अनुसार एन्टी कैन्सर दवाओं का भी सहारा लिया गया।

अन्ततः शल्य चिकित्सा मे पाया गया कि रोगी स्टेज-4 के कैन्सर से पूर्णतः मुक्त हो चुका है और उसमे शरीर को प्रभावित करने वाले कैन्सर के सैल शुन्य पाये गये।

फिम्स अस्पताल के कैन्सर रोग विशेषज्ञः डा0 सन्नी जैन ने कहा कि, आमतौर पर मान्यता है कि कैन्सर ला-ईलाज है, परन्तु फिम्स निरंतर ये साबित करता आया है कि कैन्सर का ईलाज पूर्ण रूप से संभव है। इसी कारण मरीजों का फिम्स अस्पताल पर भरोसा आए दिन बढता जा रहा है और अधिक से अधिक कैन्सर प्रभावित लोग यहॅा उपलब्ध बेहतर सुविधओं का पूरा लाभ उठा रहे हैं व कैन्सर से निजात पा रहे हैं। इस सफल ईलाज से अन्य रोगियों के मन मे भी आशा की नई किरण जागी है कि कैन्सर रोग साध्य है, यह ला-ईलाज नही है।

# 'भाजपा पहले से अधिक मतों से जीतकर फिर से बनाएगी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। लोकसभा** चुनाव को लेकर हरियाणा में भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए आज प्रदेशभर में 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन भारत माता की जय के नारों और नारियल फोडकर किया। आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर ने अंबाला के अलावा प्रदेश के अन्य नौ लोकसभा कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया, जिसका लाइव उद्बोधन भी कार्यकर्ताओं

**बिगुल फूंका**

**8 कार्यकर्ताओं की बदोलत लोकसभा की दस की दस सीटें पहले से भी अधिक मतों से जीतने का काम करेगी**

को देखने व सुनने को मिला। राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा की चार लोकसभा सीटों के चुनाव प्रभारी कृष्ण लाल पंवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा हरियाणा प्रदेश में पार्टी के ऊजार्वान कार्यकर्ताओं की बदोलत लोकसभा की दस की दस सीटें पहले से भी अधिक मतों से जीतने का काम करेगी।

# पटवारियों की हड़ताल से लोग हो रहे हैं परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** में तीन जनवरी से हड़ताल पर चल रहे राजस्व पटवारियों और कानूनगो की सरकार के साथ बातचीत विफल होने के बाद बुधवार भी पटवारियों की हड़ताल जारी रही। पटवारियों की हड़ताल के कारण सरकारी कार्यालयों में आने वाले अनेक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना था कि वह इंतकाल, जमाबंदी सहित अन्य कार्यों के लिए कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी उनके काम नहीं हो रहे हैं और उन्हें मायूस होकर लोटना पड़ रहा है। वहीं एसोसएशन के प्रधान राकेश कुमार ने



बताया कि हड़ताल के कारण लोगों को परेशानी हो रही है लेकिन हड़ताल हमारी मजबूरी है। सरकार हमारी मांगें नहीं मान रही जिसके चलते हमें हड़ताल करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सोमवार को वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच डेढ़ घंटे चली बैठक में पे-ग्रेड में संशोधन और एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रमोशन) को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद अब एसो. ने हड़ताल को 31 जनवरी तक जारी रखने की घोषणा कर दी। बैठक के बाद एसोसिएशन के प्रधान जयबीर चहल ने बताया कि वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ वार्ता में पे-ग्रेड में संशोधन और एसीपी के मुद्दे पर पेंच फंसा रहा।

अंबाला शहर के पटवारखाने के नजदीक अपनी मांगों को लेकर आज भी पटवारियों ने हड़ताल जारी रखते हुए प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। पटवारी एंव कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि आज हमारा धरना प्रदर्शन पांचवे चरण में प्रवेश कर गया है। पटवारियों की हड़ताल के चलते कार्यालयों में विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड में लोग मायूस होकर अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए यहां आए थे लेकिन उन्हें पता चला कि पटवारी तो हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जिसके चलते उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। पटवारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी तो आगामी आंदोलन का एलान किया जाएगा। उनकी हड़ताल से तीन दिन और तहसीलों में काम प्रभावित रहेगा।

# व्यावसायिक रोजगार मार्गदर्शन सप्ताह में युवाओं व विद्यार्थियों को कोर्स व योजनाओं बारे जागरूक किया

**टम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**जिला रोजगार** कार्यालय द्वारा 2 फरवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के चलते बुधवार को उपमण्डल रोजगार कार्यालय गन्नौर द्वारा स्वामी चेतना सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में बच्चों को व्यावसायिक मार्गदर्शन किया गया। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्या राजकुमार शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सहायक रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ग्रोवर ने स्कूल के बारहवीं के विद्यार्थियों का व्यावसायिक मार्गदर्शन करते हुए रोजगारपरक कोर्स व योजनाओं बारे जागरूक किया।



उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्ति के साथ-साथ विद्यार्थी को व्यवसाय व रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सहायक रोजगार अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई कर आगे बढ़ेंगे तो उन्हें जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए सभी बच्चे पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें।

# आदर्श नगर की श्रीमद् भागवत कथा में उद्धव चरित्र रहा मुख्य प्रसंग







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आदर्श नगर इलाके में सबसे बड़ी श्रीमद् भागवत कथा का लगातार 12वाँ आयोजन किया जा रहा है। आदर्श कला रचनात्मक संगठन की ओर से श्रीमद् भागवत कथा के इस भव्य आयोजन में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में भक्त कथा का श्रवण करने पहुँच रहे हैं। आपको बातदें कि प्रख्यात कथा वाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी के मुखारबिंद से कथावाचन हो रहा है। कथा में उद्धव चरित्र प्रसंग, श्री कृष्ण मथुरा गमन एवं रूकिमणी विवाह मुख्य प्रसंग रहे। इस मौके पर कथा वाचक आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी (वृंदावन धाम) ने कहा कि सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने वाले की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसलिए सभी भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें, साथ ही कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें। इस मौके पर चेयरमैन मास्टर जयकिशन, मुख्य यजमान और कथा कार्यक्रम संयोजक राकेश बंसल, विरेन्द्र गोयल, तरूण गुप्ता, अमित कुमार, प्रकाश चंद अग्रवाल, संस्थापक वीरेंद्र गोयल सहित संस्था के सभी सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी वार्ड में सिविल लाइन जोन उपायुक्त आकांक्षा शर्मा ने किया दौरा, सुनीं समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड नम्बर-18** जहांगीर पुरी में सिविल लाइन जोन उपायुक्त आकांक्षा शर्मा ने दौरा किया। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने क्षेत्र की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने उपायुक्त आकांक्षा शर्मा को क्षेत्र के दौरे के दौरान कई समस्याएं दिखाई। इस अवसर पर जानकारी देते हुए आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण से उपायुक्त आकांक्षा शर्मा को अवगत कराया गया।
साथ ही क्षेत्र में डीएमएसडब्ल्यूएएसएल ठीक से कार्य नहीं कर रही है, इसके बारे में उपायुक्त को बताया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अलावा मंडल अध्यक्ष लख्मी पाल, रमेश शर्मा, अनुज सिंह, प्रदीप गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मानव जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व हैः सुरेश खारी

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**जीवन** मूल्यों में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। निःस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नं-63 से भाजपा नेता सुरेश खारी ने कहा कि तन, मन और वचन से दूसरे की सेवा में तत्पर रहना स्वयं इतना बड़ा साधन है कि उसके रहते किसी अन्य साधन की आवश्यकता ही नहीं रहती। क्योंकि जो व्यक्ति सेवा में सच्चे मन से लग जाएगा उसको वह सब कुछ स्वतः ही प्राप्त होगा जिसकी वह आकांक्षा रखता है।

# सेवाभाव ही मानव जीवन में मुक्ति का मार्ग, सभी करें गरीबों की सेवा: वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानवता फांउडेशन** के संस्थापक व प्रसिद्व समाजसेवी अधिवक्ता अमन वर्मा ने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है जब हमारा कोई परिचित अस्पताल में रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उस वक्त समय पर रक्त नहीं मिल पाता और उसके तिमारदार को संबंधित ग्रुप का रक्त लेने के लिए दर-बदर भटकना पडता है। इसलिए सभी को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान का हमारें जीवन में है विशेष महत्व है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।
**रक्तदान करने से नहीं आती है कमजोरीः** रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी रक्तदान करें।

# विजय नगर में आयोजित हुआ श्री गुरु गोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव, निकाला नगर कीर्तन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खालसा** पंथ के संस्थापक और सिख समुदाय के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इसी दौरान गुरुद्वारे में अरदास की गई। श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर गुरु का आशीर्वाद लिया। नगर कीर्तन निकाला गया। गतका पार्टी के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। कल्याण विहार गुरूद्वारा समिति के प्रधान मनमीत सिंह लांबा की देख-रेख में कल्याण विहार गुरूद्वारें से प्रभात फेरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों गुप्ता कॉलोनी, न्यू गुप्ता कॉलोनी, ईश्वर कॉलोनी, प्रियदर्शनी विहार, विजय विहार से होते हुए कल्याण विहार गुरूद्वारें मे समापन किया गया। इस दौरान प्रधान मनमीत सिंह लांबा सहित निगम पार्षद विकेश सेठी, हरीश असरी, डा. शिव चरण योगी सहित अन्य गणमान्यों ने गुरू गोबिंद सिंह के चरणो में माथा टेककर आर्शिवाद लिया।

# नरेलाः राजधानी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ भव्य आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में कुरैनी स्थित प्रतिष्ठित राजधानी पब्लिक स्कूल प्रांगण में विशाल विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें राजधानी पब्लिक स्कूल के कक्षा 5 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में 50 से ज्यादा मॉडल्स प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट, अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त एंटी करप्शन जरनैल सिंह, समाजसेवी एनडी अरोड़ा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। राजधानी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन हाजी अब्बास अली ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। प्रदर्शनी आयोजन में विज्ञान विषय के शिक्षकों व भूगोल विषय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान अमित कुमार, अमृत कौर, उर्मिला आदि शिक्षकों ने सहयोग किया। विद्यार्थियों ने भौगोलिक मॉडल्स, जीव मॉडल्स आदि का प्रदर्शन किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था। जिन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा पर गर्व का अनुभव किया। मुख्य अतिथि जरनैल सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के बने मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी और कहा कि विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाए। वहीं एनडी अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं की प्रशंसा की। विद्यालय प्रधानाचार्या सदफ फरहत ने छात्र-छात्राओं को उन्नति की दिशा में बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम पश्चात जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में राजधानी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन हाजी अब्बास अली, डायरेक्टर वसीम अब्बास, प्रधानाचार्या सदफ फरहत, मैनेजर इफ्तकार अली, रियासत अली, मांगेराम, वीरेंद्र भारद्वाज, अमृत कौर, अमित कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने हमेशा ही जनहित में किया कार्यः अजय गुप्ता

# कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने से मजबूत होगा संगठनः गुप्ता





**मंजिलें बड़ी जिद्दी होती है**
**हांसिल कहां नसीब से होती है।।**
**मगर वहां तुफान भी हार जाते है**
**जहां कस्तियां जिद्द पर होती है।।**

### कांग्रेस डेलीगेट अजय गुप्ता ने कहा...

**= जो विकास कांग्रेस के शासन काल में हुआ था, वैसा विकास अब देखने को नहीं मिल रहा है। जो पेंशन कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान पैंशनर्स को दी जाती थी, जो कि अब नहीं दी जा रही है, जिसकी वजह से आश्रितों की चिंता काफी हद तक बढ़ी है: अजय गुप्ता**





**जी** हां आज हम आपकों मिलवाने जा रहें है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कमला नगर वार्ड नंबर-69 में रहने वाले व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट अजय गुप्ता से। जोकि किसी पहचान के मोहताज़ नहीं है और अपनी सेवाभाव व मीठे आचरण की वजह से क्षेत्र के लोगों के दिलों में बसे हुए है।
**तीस साल से कांग्रेस में है सक्रियः** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि अजय गुप्ता पिछले तीस साल से कांग्रेस में बतौर सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सेवा कर रहे है। वर्तमान में जिला चांदनी चौक से दिल्ली कांग्रेस कमेटी में डेलीगेड की जिम्मेदारी निभा रहे है तथा चांदनी चौक जिला से जिला सेक्रेट्री भी रह चुके है, इसके साथ ही जिला चांदनी चौक से ट्रेडर सेल, व्यापार प्रकोष्ठ भी रहे है।
**कांग्रेस ने किया विकासः** कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के विकास को लेकर व जनहित में कार्य करती है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह सब कांग्रेस की देन है। कांग्रेस ने हमेशा से ही विकास की राजनीति की है बातों की नहीं, उक्त बातें अजय गुप्ता ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति और नियत हमेशा ही लोक कल्याण की रही है यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और लोगों की सेवा कर रहा है।
**नहीं थमी विकास की रफ्तारः** गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली में विकास की रफ्तार न तो धीमी पड़ने दी थी और न ही थमने दी। कांग्रेस जो भी निर्णय लेती है वह हमेशा ही जनता को ध्यान में रखते हुए ही लेती है ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। 2014 से पहले तक दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित की देन है जो दिल्ली में यातायात जाम जैसी समस्या को कम करने के लिए दिल्ली में फ्लाईओवर का जाल बिछाया, इतना ही नहीं बिजली की समस्या को खत्म करते हुए परमानेंट बिजली मुहैया करवाई। इसके अतिरिक्त विकलांग, वृद्वावस्था के साथ-साथ विधवा पेंशन भी सुचारू रूप से चलाई रखी। यही कारण है कि लोग कांग्रेस से बहुताय की संख्या में जुड़ रहे है और क्योंकि लोग जानते है कि बेहतर शासन केवल कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है।
**कांग्रेस की तुलना में नहीं हुआ विकासः** अजय गुप्ता ने बताया कि जो विकास कांग्रेस के शासन काल में हुआ था, वैसा विकास अब देखने को नहीं मिल रहा है। जो पेंशन कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान पैंशनर्स को दी जाती थी, जो कि अब नहीं दी जा रही है, जिसकी वजह से आश्रितों की चिंता काफी हद तक बढ़ी है।
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए और जनता की समस्याओं को हल करना चाहिए। ताकि जनता को सुविधाएं मिले।

# गन्नौर के डीआईटीएम कालेज में आगाज कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया

**शिरकत**

**8 --कालेज के चैयरमैन संजीव कुमार जैन व वाईस चेयरमैन डा. अखिल कुमार जैन ने की शिरकत**





**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जी टी रोड स्थित डीआईटीएम इन्जीनियरिंग कालेज के छात्रों ने एक शानदार प्रोग्राम आगाज उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। जैन ग्रुप आफ इंस्टीटयूशंस व कालेज के चैयरमैन संजीव कुमार जैन व वाईस चेयरमैन डा. अखिल कुमार जैन, विशिष्ठ अतिथि ममता जैन, प्रधानाचार्या संगीता राजपाल निदेशक राकेश यादव ने डीआईटीएम कालेज के डायरेक्टर डा. नीरज कुमार व केतकी मैडम के सहयोग से दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद कालेज के छात्र व छात्राओं ने सरस्वती वंदना, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निदेशक संजीव जैन ने कहा कि छात्रों की सफलता में उनके स्वजन व शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने छात्रों से ऐसी आधुनिक तकनीकें विकसित करने का आह्वान किया जिससे वे समाज हित और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में डीआईटीएम के पूर्व छात्रों की ओर से महत्वपूर्ण योगदान देने पर सराहना की। डीआईटीएम संस्थान राष्ट्र निर्माण में प्रगति का प्रतीक है। संस्थान असाधारण प्रतिभा पैदा करने, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जैन ने संबोधित करते हुए छात्रों से कहा कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें। उन्होंने बताया कि संस्थान में छात्रों को इंजीनियरिंग क्षेत्र में बेहतर अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी नेटवर्किंग एवं संचार क्षमताओं को मजबूत करने, समय-समय पर प्रासंगिक कौशल विकसित करने एवं एक उद्यमी की तरह सोचने और नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल ने किया जिला कारागार औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने बुधवार को जिला कारागार व विशेष गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैदियों से बातचीत करते हुए कानूनी सहायता संबंधित परेशानियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कैदियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए जिला कारागार अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विशेष गृह का निरीक्षण करते हुए वहां रहने वाले किशोरों से बातचीत करने के साथ-साथ उनको मिलने वाली सुविधाओं जैसे खाने पीने की वस्तुएं, पढ़ाई व अन्य सुविधाएं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले किशोरों को सभी प्रयाप्त सुविधाएं मुहैया करवाई जाए ताकि वे अच्छा इंसान बनकर जीवन में आगे बढ़ सके। इस मौके पर उनके साथ मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अरविंद कुमार व जिला कारागार के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के नाम पर अवैध वसूली और लूट खसोट बंद करें खट्टर सरकार- धर्मवीर भड़ाना



**फरीदाबाद में आम आदमी पार्टी ने फूंका सीएम और बिजली मंत्री का पुतला**

**फरीदाबाद, 31 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा में मनोहर सरकार ने बिजली को लूट का साधन बना दिया है। प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है । खट्टर सरकार कुछ पूंजीपतियों को बड़ा फायदा पहुंचा रही है । स्मार्ट मीटर और नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर बड़ी लूट चल रही है । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं और पदाधिकारी के साथ बुधवार को फरीदाबाद बिजली मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और सीएम मनोहर लाल और बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का पुतला जलाया । इस मौके पर धर्मवीर भड़ाना, प्रवेश मेहता, नरेश शर्मा, रोहतास चौधरी, रविंद्र फौजदार, मेहरचन्द हरसाना ने संयुक्त रूप से कहा कि बिजली अधिकारी दीवार फांदकर लोगों के घरों में घुस जा रहे हैं और विरोध जताने पर वे लोगों को बिजली चोर साबित कर देते हैं।?उन पर झूठे केस दर्ज कर दिए जाते हैं। बहन बेटियों को भी परेशान करते हैं । जिन गरीबों के दो कमरों का मकान है उनका भी बिजली का बिल 5000 से ज्यादा आ रहा है । आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि पूरे फरीदाबाद जिले के गांवों में सरकार के खिलाफ रोष है। सरकार नए नए तरीके अपनाकर पूरे हरियाणा की जनता को लूटने के तरीके ढूंढ रही हैं। नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर पिछले साल एक अप्रैल से मनोहर सरकार की पूरे प्रदेश की जनता को लूट रही है। इसके तहत प्रदेश के 63 लाख उपभोक्ताओं से 4 महीने का बिल सिक्योरिटी मनी के तहत लिया जा रहा है। प्रदेश के हर गांव की पंचायत से भी 2 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी टैक्स सरकार ले रही है। जनता पर नए मीटर थोपने, नॉन एनर्जी चार्ज लगाने और पंचायतों से 2 प्रतिशत टैक्स वसूलने का आम आदमी पार्टी कड़ा विरोध करती है। आप नेताओं ने कहा कि पार्टी बेवजह टैक्स लगाकर जनता को लूटने की सरकार की योजना को सफल नहीं होने देंगी। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के मुख्य इंजीनियर को ज्ञापन सोपा और उनसे मांग की कि जल्द इस लूट खास रोड पर लगाम लगाई जाए वरना आम आदमी पार्टी बहुत बड़ा आंदोलन शुरू करेगी ।

प्रदर्शन में नरेश शर्मा, मेहर चंद हरसाना, रविंद्र फौजदार, प्रवेश मेहता, नीरज प्रेमी, मनोहर विरवानी, इंदिरा सिंह, हरिदत्त शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, जोगिंदर चंदीला, तेजवंत सिंह एडवोकेट, डी एस चावला, विजय गोदारा, अनिल बैसला, दिनेश एडवोकेट, सचिन चौधरी , राम गौर, सुभाष बघेल, प्रताप, अमित कुमार, राजा भैया, सुदेश राणा, नरेंद्र सरोहा, के एल बंसल, नवीन कौशिक, रोहतास चौधरी, तेजवंत सिंह बिट्टू, फूल महेश, बिट्टू ठाकुर, विनोद कुमार, मनोज बैसला, अनिल पंडित जी, सोनू मीटर वाला, सतपाल ठेकेदार, पीकू भाटिया, दुलीचंद, शिवराम, कपिल खत्री, चौधरी कंवरपाल, रघुवीर सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे ।

### जैन स्थानक वाली गली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** बुधवार को नगरपालिका के वार्ड 15 में रेलवे रोड से जैन स्थानक वाली गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक निर्मल चौधरी ने किया। इस दौरान पार्षद शिवानी जैन, गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन ने गली का निर्माण करवाने के लिए विधायक आभार जताया। विधायक ने कहा कि गली के निर्माण में नगरपालिका द्वारा 25 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को गली निर्माण में किसी तरह की कोताही न बरतने के भी आदेश देते हुए चेताया कि यदि गली निर्माण के काम में शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, गौरव जैन, सोनिया जैन, महक फौगाट आदि मौजूद रहे।

## मुख्यंमत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के बांटे चैक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

मुख्यंमत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत
किसान व आश्रित परिवार को विधायक निर्मल चौधरी ने 5 लाख 37 हजार 500 रुपये का चैक सौंपे। अगवानपुर गांव के किसान श्याम सिंह की खेत में काम करने के दौरान बिजली का करंट लगने से मौत पर आर्थिक सहयोग के लिए 5 लाख रुपये का चैक सौंपा। वहीं तेवड़ी गांव के सतीश कुमार की चारा काटने के दौरान उंगली कट गई थी। विधायक ने किसान सतीश कुमार को भी 37 हजार 500 रुपये का चैक सौंपा।

# पीएमश्री स्कूल से सेवानिवृत्त साहब सिंह रंगा को बधाई देने वालों का उमड़ा सैलाब

**योगदान**

**8 *प्रिंसीपल साहब सिंह रंगा का शिक्षा विभाग में रहा उल्लेखनीय योगदान: डीईओ कुलदीप दहिया***

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविद एवं प्रिंसीपल साहब सिंह रंगा ने कहा कि वह समाज सेवा के साथ साथ गरीब व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का काम जारी रखेंगे। 32 साल पहले अंग्रेजी के प्राध्यापक के तौर पर भर्ती हुए साहब सिंह रंगा बुधवार को समालखा खंड के इकलौते पीएमश्री राजकीय स्कूल के बतौर प्रिंसीपल सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



श्री रंगा ने सेवानिवृत्त होने के बाद अपने सम्मान समारोह में बोलते हुए अपने अधिकारियों व दोस्तों का आभार जताया।

समालखा खंड के इकलौते पीएमश्री राजकीय स्कूल पावटी के प्रिंसीपल साहब सिंह रंगा के सम्मान समारोह में बधाई देने पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया व खंड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू ने कहा कि साहब सिंह रंगा बहुत ही सिन्सियर, मेहनती, एक्स्ट्रा ओडनरी ओर लबोरियस प्रिंसीपल रहे हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो या समाज सेवा का क्षेत्र हो इन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। हर क्षेत्र में इन्होंने सफलता व अचीवमेंट हासिल की है। इन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई श्रद्धा ओर इमानदारी से निभाया है। इसीलिए आज सकुशल ओर अच्छी छवि के साथ सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने श्री रंगा से भी सहयोग की अपील की है कि वह अपने अनुभवों का फायदा शिक्षा विभाग को देते रहेंगे। पावटी ग्राम पंचायत ने भी प्रिंसीपल साहब सिंह रंगा का सम्मान किया। सेवानिवृत्ति के बाद वे नेताओं की तरह खुली कार में सवार होकर लंबे काफिले के साथ घर पहुंचे। उनके सम्मान समारोह में शिक्षा जगत के साथ साथ राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व स्वयं सेवी संस्थाओं से जुड़े लोगों का सैलाब उमड़ा। जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा लेक्चरर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, शिक्षाविद राजेन्द्र रोहिल्ला, भाजपा नेता संजय छौक्कर, इनेलो नेता रणधीर जांगड़ा, रविदास कल्याण सभा के प्रधान रामफल कारकोली, धर्मेन्द्र पावटी सहित सैकड़ों लोगों ने फूलों व नोटों की मालाओं से साहब सिंह रंगा का स्वागत किया गया।

# अपराध शाखा ने 13 वर्षीय गुमशुदा लड़के की तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के निदेर्शानुसार कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा कैट प्रभारी उप निरीक्षक सरजीत सिंह की टीम ने दिनांक 28.01.2024 को अपने घर से गायब हुए एक 13 वर्षीय लडके को खोजकर उसके परिजनों के हवाले करके एक बार फिर बेहतरीन कार्य किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद की एक कॉलोनी का रहने वाला 13 वर्षीय लड़का 28 जनवरी 2024 को ट्यूशन पर जाते समय अपना रास्ता भूल गया था और इधर उधर भटक गया था। जिसको अपराध शाखा कैट की टीम द्वारा भरसक प्रयास करके व तकनीकि का सहारा लेकर कल दिनांक 30.01.2024 को बल्लभगढ के एरिया से तलाश किया गया और उसको उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। गुमशुदा लडके के परिजनों ने फरीदाबाद पुलिस का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और इस प्रकार के कार्य को एक बेहतरीन कार्य बताया।



## दूषित पानी निकासी के लिए दबवाए गए पाइपों की शिकायत पर लिया संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

वार्ड 6 हरिनगर कालोनी में दूषित पानी निकासी के लिए नगरपालिका द्वारा दबवाए जा रहे पाइप की लेवलिंग की शिकायत पर विधायक निर्मल चौधरी ने संज्ञान लिया। विधायक ने नगरपालिका अधिकारियों के साथ गली का निरीक्षण किया और पाइप का लेवल जांच करने के आदेश दिए। साथ ही कड़े शब्दों में कहा कि यदि पाइपों की लेवलिंग में गड़बड़ी मिलती है तो इन्हें उखड़वा कर नए सिरे से लगवाएं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि उनकी गली में दबवाए गए पाइपों की लेवलिंग ठीक नहीं है। पाइप का लेवल नाले के लेवल से काफी नीचे है, जिससे दूषित पानी फिर से नाली में विपरित दिशा में बहना शुरू हो गया है।

# सीएम खट्टर ने जनवरी 2023 में 50000 नौकरियां देने का वादा किया था : करणवीर लौट

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**

आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष करणवीर लौट ने बुधवार को सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की भी लिस्ट जारी करें, नहीं तो प्रदेश के युवाओं से माफी मांगने का काम करें।



उन्होंने कहा सीएम खट्टर ने 6 जनवरी 2023 को एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि "वर्ष 2023 में ग्रुप सी और डी के लिए हम हरियाणा में 50,000 भर्तियां करने जा रहे हैं। प्रदेश वासी अपना विश्वास बनाए रखें और किसी के बहकावे में न आए।"

उन्होंने कहा कि पूरा एक साल बीतने के बाद 50,000 तो दूर, सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की लिस्ट भी सार्वजनिक कर दें तो उनका बड़ा आभार होगा। ताकि प्रदेश के युवाओं को भी पता चलेगा कि सीएम खट्टर उनके लिए कितना कुछ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सोशल मीडिया ट्रॉल्स की टीम ने आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर टारगेट किया तो किसी ट्रोलर ने अपने जवाब में कौन सी नौकरियां दी इसके बारे में जिक्र नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा में ऐसे शख्स के पास नौकरियां देने की जिम्मेदारियां आ गई है जिसे नौकरी का न भी नहीं पता। भाजपा सरकार को पहले ग्रुप सी की 32000 भर्तियां पूरी करनी थी जो कोर्ट में अटकी पड़ी है। भाजपा सरकार अब ग्रुप डी की साढ़े 13000 भर्तियां कर रही है। लेकिन जब ये साढ़े 13000 भर्तियां हो जाएंगी और कल को जब ग्रुप सी की भर्तियां करेंगे तो इनमें से 10000 बच्चे ग्रुप सी में सेलेक्ट होकर अपनी ग्रुप डी की नौकरी छोड़कर ग्रुप सी की नौकरी में चले जाएंगे और ग्रुप डी की पोस्ट वापस से खाली हो जाएंगी। यानी भाजपा सरकार ने जो साढ़े 13000 नौकरियों का दावा किया वो मात्र एक बेवकूफाना हरकत बनकर रह जाएगी। खट्टर सरकार बताए कि ऐसी भर्तियों का क्या मतलब है?

उन्होंने कहा कि ये ग्रुप डी की भर्तियां भी तब मानेंगे जब खट्टर सरकार इस भर्ती को पूरा कर दे। क्योंकि अभी तक ऐसी एक भी भर्ती नहीं है जो कोर्ट में न अटके। अब हरियाणा सरकार ने 28 जनवरी को होने वाली वेटरनरी सर्जन की परीक्षा को रद्द कर दिया।

# खट्टर सरकार ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों का किया बेड़ा गर्क: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सरकारी स्कूलों में बच्चों के नाम कटवाने और सरकारी स्कूलों से बच्चों के हो रहे मोह भंग को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर देना चाहती है। एक तरफ मर्जर के नाम पर स्कूलों को खत्म करने में लगी है। वहीं दूसरी तरफ बच्चों की संख्या भी लगातार घट रही है। अनपढ़ शिक्षा मंत्री ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का भट्ठा बैठाने का काम किया है।



उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा विभाग के द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक प्रदेश में 7 से 14 साल की आयु वाले बच्चों में आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन (ओओएससी) की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जहां 2021-22 में 19481, 2022-23 में 28,139 बच्चों ने सरकारी स्कूल से अपना नाम कटाया था। वहीं इस साल 31,068 बच्चों ने सरकारी स्कूलों से अपना नाम कटा लिया है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ खट्टर सरकार मर्जर के नाम पर प्रदेश के स्कूलों को बंद करती जा रही है। दूसरी तरफ अभिभावक अपने बच्चों का भविष्य अंधकार में देखते हुए बच्चों का नाम सरकारी स्कूल से कटवा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि गुरुग्राम जैसे शहर में 3820, यमुनानगर में 3279, पानीपत में 2922 और पंचकूला में 2269 बच्चों ने सरकारी स्कूलों से अपना नाम कटवा लिया है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत के लिए कोर्ट भी हरियाणा सरकार को फटकार और 5 लाख रुपए का जुमार्ना लगा चुका है। कोर्ट ने कहा था कि हरियाणा सरकार प्लानिंग मोड़ से निकले, एक्टिव मोड में आए और हरियाणा सरकार आंकड़ों का खेल खेलना बंद करे।

उन्होंने कहा सरकारी स्कूल की हालत इतनी जर्जर है कि स्कूलों में न बेंच हैं, न बिजली है, न टॉयलेट है, न पीने का पानी है, स्कूल में चारदीवारी नहीं है, क्लासरूम नहीं है और न ही शिक्षक हैं।

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में करीब 40 हजार शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। खट्टर सरकार के राज में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में केवल भय का वातावरण है। जिस तरह से बच्चियों के साथ लगातार स्कूल में छेड़छाड़ की खबरें आ रही है और सरकार कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं करते दिख रही, उससे भी लोगों का सरकारी स्कूलों से मोह भंग हुआ है।

# मुख्यमंत्री उडनदस्ता करनाल की टीम द्वारा कार्यालय का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 31 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**

9.30 बजे प्रात निरीक्षक बलीराम मुख्यमंत्री उडनदस्ता करनाल, निरीक्षक नीर सिह अतिरिक्त जिला निरीक्षक पानीपत, ई.उप. निरीक्षक सत्यवीर सिह गुप्तचर इकाई पानीपत की टीम द्वारा उपमण्डल अधिकारी (ना0) कार्यालय समालखा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपमण्डल अधिकारी (ना0) अमित, एच.सी.एस. चुनाव प्रशिक्षण के लिए गुरुग्राम जाने पाये गये। कार्यालय में मुराद अली, स्टैनो हाजिर मिले। मुराद अली, स्टैनो की हाजिरी में कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों की हाजिरी ली गई



उपमंडल अधिकारी कार्यालय मे तैनात कर्मचारियो का विवरण निम्न अनुसार पाया गया। क) स्थाई कर्मचारी-12, उपस्थित-8, अनुपस्थित-2, मैडिकल अवकाश-2

ख) हरियाणा कौशल रोजगार निम्न 11, उपस्थित-9 अनुपस्थित-2

कुल 23 कर्मचारी जिनमें से 17 कर्मचारी उपस्थित, 4 अनुपस्थित व 2 कर्मचारी मैडिकल अवकाश पर मिले।

2. वाहन पंजीकरण*

नये वाहन के पंजीकरण के लिए सम्बन्धित एजेंसी द्वारा 9058 आवेदन नये वाहन के पंजीकरण के लिए भेजे जाने पाये गये। जो सभी को पंजीकरण करने उपरान्त एजेंसी को वापिस भेज दिये गये थे। इस कार्य मे सभी प्रतिक्रियाओं का पूर्ण पालन किया जाना पाया गया।

ख) माह जनवरी 2023 से अब तक वाहन एजेंसी से अतिरिक्त कुल 13131 आवेदन वाहन के पंजीकरण के लिए प्राप्त हुये थे। जो सभी पंजीकरण होने पाये गये। इनमे 2859 आवेदन आवेदनकताओं द्वारा स्वयं कार्यालय हाजिर आकर आवेदन किया गया था। उन्हे दस्ती आर.सी. दी गई। इस समय 161 आर.सी. कार्यालय में लम्बित पाई गई। आर.सी. का निपटान का समय 15 दिन का था। जो 161 आर.सी. में से 91 आर.सी. 15 दिन से अधिक समय से लम्बित मिली। फेसलैस से वाहन पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन प्राप्त नही होना पाया गया।

ग) इस अवधि मे कार्यालय द्वारा 1053 आर.सी. डाक के माध्यम से भेजी गई थी। जिनमें से आवेदनकर्ता का डाक पता ठीक ना होने के कारण 25 आर.सी कार्यालय में वापिस आनी पाई गई।

घ) 1 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक वाहन पंजीकरण स्थानान्तरण की कोई भी फाईल कार्यालय में लम्बित नही पाई गई।

ड) वाहन पंजीकरण लिपिक, निखिल द्वारा मुताबिक रिकार्ड बतलाया गया है कि दूसरे राज्यों (राजस्थान) से 1 स्कूटी नम्बर आर.जे-07एच-8367 पंजीकरण के लिए आवेदन इस कार्यालय में प्राप्त हुआ था।

# नेहरू कॉलेज फरीदाबाद में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में 31 जनवरी 2024 को प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत ई२३ ड्ड४३ ड्ढ ६२३ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका (६ड्ढॅल्ल ी'' ल्लूँ१ी)डॉ. चारू मिड्डा तथा डॉ. ललिता चौधरी व डॉ. अंकिता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल के रूप में डॉक्टर किरण देवी, डॉक्टर पूनम गोयल और डॉक्टर प्रियंका पराशर रही। सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता बढ़-चढ़कर भाग लिया ।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वेता विश्कर्मा (इ.रू क्क ८ी१) द्वितीय स्थान सुषमा विश्कर्मा (इ.२ू क्क ८ी१) और तृतीय स्थान अंजली (इ.२ू क्क्क ८ी१) ने प्राप्त किया ' सभी विजेताओं को प्राचार्या ने प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉ. सबीना सिंह, डॉ विवेका आनंद, डॉ. शालिनी मल्होत्रा, डॉ कमल कुमार और डॉ मयार्दा डॉ. अनुराधा इस मौके पर उपस्थित रहे व सभी छात्रों को भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगीताओ में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



# धूमधाम से मनाया आदर्श रसोई के उपप्रधान राजेश छाबड़ा का जन्मदिन

## राकेश भारद्वाज चौक पर छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के कार्यक्रम में उप प्रधान राजेश छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

**विधिवत रूप से छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरुआत**

आदर्श रसोई के उपप्रधान राजेश छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा छाबड़ा परिवार भी मौजूद रहा। छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने छाबड़ा परिवार का भव्य स्वागत किया।

**बेहतरीन कार्य कर रही है आदर्श रसोईः राजेश छाबड़ा**

इस अवसर पर राजेश छाबड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी बना हूं।

यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

# पहले की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्याः सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में देश की बागडोर संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए उन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना प्रारंभ हुआ। सीएम योगी ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान द्वारा आयोजित "किसान मेला" का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों का किसान प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण भी अपना रहा है। इससे उनकी आय दोगुनी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे उत्तर प्रदेश का किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन का एक बड़ा माध्यम बना है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरक है। साथ ही यहां प्रचुर मात्रा में जल की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारे 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान प्रदेश में मौजूद हैं।



संसद का बजट सत्र के दौरान संसद परिसर में सोनिया गांधी।

# डकैती मामले में आजम खान समेत सात आरोपित बरी

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर**

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने डूंगरपुर बस्ती में मारपीट, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में सपा नेता आजम खान समेत सात लोगों को बुधवार को बरी कर दिया। इस मामले में कोर्ट ने जिन लोगों को बरी किया है उनमें आजम खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खान, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन, फिरोज खां, रानू खां और ओमेंद्र चौहान शामिल हैं। इससे पहले इन सभी आरोपितों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। अधिवक्ता नासिर सुलतान ने बताया कि आजम खान के खिलाफ 12 लोगों ने मुकदमे दर्ज कराये थे। इनमें से रूबी नाम की वादी महिला के मामले में सभी को बरी किया गया है। जिले के गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के 12 मुकदमे वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे।

**राहत**

**8 12 लोगों ने मुकदमे दर्ज कराये थे। इनमें से रूबी नाम की वादी महिला के मामले में सभी को बरी किया गया है।**

